CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26




वर्ष- 43 | अंक -205 | राजनांदगांव, बुधवार 12 जून 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## बलौदाबाजार हिंसा : गृहमंत्री शर्मा ने लिया घटना का जायजा; कहा- मामले की होगी जांच, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

बलौदाबाजार। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बलौदाबाजार कलेक्ट्रेट पहुंचकर तोड़फोड़ और आगजनी घटना का जायजा लिया। उन्होंने कलेक्टर और एसपी से घटना की जानकारी ली। पूरे परिसर में हुई आगजनी, जिला पंचायत, कुटुंब न्यायालय और जनपद पंचायत कार्यालय सहित शहर का भी मुआयना कर नुकसानों का जायजा लिया। शर्मा ने घटना पर गहरा दुख जताया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उनके साथ खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा भी मौजूद रहे।

डिप्टी सीएम ने कहा कि भारी संख्या में वाहनों को क्षति पहुंचाया गया है। जिनमें से कुछ अपने कार्य के लिए पहुंचे गरीब लोगों और अधिकारी कर्मचारी के होंगे। शासकीय सम्पति को नुकसान पहुंचाया गया है, रिकॉर्ड रूम में न जाने कितने दस्तावेज जल चुके हैं। सरकारी सम्पति को तबाह करने वाले समाज के नहीं होते। पूरे प्रदेश में बाबा गुरुघासीदास को माना जाता है। वे श्वेत ध्वजवाहक



हैं और शांति के प्रतीक हैं।

### जानें क्या था मामला

बता दें कि पिछले महीने अराजक तत्वों ने अमर गुफा में जैतखाम को क्षति पहुंचायी थी। इस पर पुलिस की जांच से असंतुष्ट होकर समाज के लोगों ने जांच की मांग की थी। शर्मा ने सीएम के निर्देश पर न्यायिक जांच की घोषणा की है। इस पर समाज के लोगों ने संतुष्टि जाहिर करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए कार्यक्रम रखा था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### सीएम विष्णुदेव साय ने घायल जवान संदीप खलको के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हिंसा में घायल पुलिस जवान संदीप खलको के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर श्री खलको के बेहतर इलाज के लिए यहां अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया है। आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अवनीश शरण व एसपी रजनीश सिंह ने अस्पताल का दौरा कर श्री खलको की कुशलक्षेम पूछी। श्री खलको की हालत ठीक है।

### हिंसा और आगजनी के आरोप में 100 लोगों हिरासत में

रायपुर( दावा)। बलौदा बाज़ार में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। पुलिस ने हिंसा और आगजनी के आरोप में 100 लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। 10 जून को इस भीड़ ने जिला कलेक्ट्रेट में तोड़-फोड़ की और बिल्डिंग में आग भी लगा दी थी। इस पूरी घटना में 25 से अधिक पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। प्रदर्शनकारी इतने उग्र थे कि उन्होंने सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए थे।

## ओडिशा के नए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी होंगे, विधायक दल की बैठक में हुआ फैसला

नई दिल्ली। मोहन चरण माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री होंगे। बीजू जनता दल प्रमुख नवीन पटनायक का 24 साल का कार्यकाल विधानसभा चुनावों में हार के बाद समाप्त हो गया। राज्य के नए सीएम का चयन भाजपा विधायक दल की बैठक में किया गया। इसमें पर्यवेक्षक के तौर पर केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और भूपेंद्र यादव शामिल हुए।



### केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने की घोषणा

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मोहन चरण माझी को मुख्यमंत्री बनाए जाने के लिए सबसे पहले केवी सिंह ने उनका नाम सुझाया। उन्होंने बताया कि सभी विधायकों ने तालियां बजाकर उन्हें (मोहन माझी) सीएम बनाए जाने के फैसले का स्वागत किया। राजनाथ ने कहा, सर्वसम्मति से मोहन चरण को ओडिशा भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया है।

### ओडिशा में पहली बारी भाजपा सरकार का नेतृत्व करेंगे मोहन माझी

बीजेपी ने 2000 और 2004 में बीजद के साथ गठबंधन में सरकार बनाई थी। यह पहली बार है पार्टी ओडिशा में अपने दम पर सरकार बनाएगी। मोहन चरण ने क्योंझर सीट पर बीजेडी के उम्मीदवार को हराया। वह राज्य के 15वें सीएम चुने गए हैं। 52 वर्षीय माझी चार बार के विधायक हैं।

### दो उपमुख्यमंत्री सीएम का भी ऐलान

इसके अलावा कनक वर्धन सिंह देव और प्रभाती परिदा राज्य के उपमुख्यमंत्री होंगे। राज्य के नए मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम बुधवार को शपथ लेंगे।


### ओडिशा विधानसभा चुनाव का रिजल्ट

ओडिशा विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने बहुमत के साथ जीत हासिल की है। 4 जून को आए परिणाम में भाजपा ने 148 में से 78 सीटों पर जीत दर्ज की। बीजेडी को 51, कांग्रेस को 14, सीपीआईएम को 1 और अन्य के खाते में 3 सीट आई।

## 'एक साल से शांति का इंतजार कर रहा मणिपुर', भागवत ने मोदी सरकार को चेताया

नई दिल्ली। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में एक साल से ज्यादा समय से हिंसा की आग में जल रहा है। 3 मई 2023 को घाटी में जातीय हिंसा भड़की थी। उस वक्त से लेकर अब तक हिंसा की घटनाएं सामने आती रहती हैं। इस बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर में शांति बहाली की मांग की है।

आरएसएस चीफ मोहन भागवत ने कहा कि मणिपुर एक साल से शांति की राह देख रहा है। इसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इसके अलावा भागवत ने कहा कि भारत में हर पांच साल में चुनाव होते हैं। हम अपना कर्तव्य करते रहते हैं। लोकमत हर साल हैं, हर चुनाव में करते हैं और इस बार भी किया है। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव सहमति बनाने की प्रक्रिया है। संसद में किसी भी सवाल के दोनों पहलू सामने चुनाव



ऐसी व्यवस्था हैं। चुनाव प्रचार में जिस प्रकार एक दूसरे को लताड़ना, तकनीकी का दुरुपयोग और झूठ प्रसारित किया जाता है। यह बिल्कुल भी ठीक नहीं है। भागवत ने यह भी कहा कि प्रतिपक्ष को विरोधी नहीं कहना चाहिए। हमें चुनाव की बातों से हटकर देश की समस्याओं पर प्रमुखता से विचार करना चाहिए।

### चुनावी नतीजों पर क्या बोले भागवत

आरएसएस प्रमुख ने चुनावी के नतीजों पर भी बात की और कहा कि लोगों ने अपना जनादेश दे दिया है और एनडीए सरकार फिर से सत्ता में वापस आ गई है। लोकतंत्र के अपने ही नियम और कायदे होते हैं और वह उसी के हिसाब से चलता है। जनता ने अपना जनादेश दे दिया है और उस पर किसी भी तरह की टिप्पणी करना सही नहीं है। संघ इस मामले में नहीं पड़ता है। वह मेहनत करता है, सेवा करता है और मर्यादा में रहता है। संसद आपसी सहमति के लिए होती है लेकिन कांप्टीशन की वजह से परेशानी होती है। इलेक्शन में संघ जैसे संगठन को भी घसीटा गया और इसके बारे में ना जाने किस तरह की बातें की गई। तकनीक का इस्तेमाल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राहुल गांधी का परिवारवाद को लेकर मोदी पर पलटवार

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने परिवारवाद को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हमले का जोरदार जवाब देते हुए मंगलवार को कहा कि उनका परिवारवाद संघर्ष और बलिदान की परंपरा का है लेकिन श्री मोदी सत्ता सुख की वसीयत बांट कर सरकारी परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे हैं।

श्री गांधी ने कहा कि श्री मोदी का सरकारी परिवारवाद है जहां सत्ता के करीबियों के बच्चों को वह सत्ता की वसीयत का सुख बांट रहे हैं और वह सत्ता के बल पर सरकारी स्तर पर उन्हें यह सारी सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा, पीढ़ियों के संघर्ष, सेवा और बलिदान की परंपरा को परिवारवाद कहने वाले अपने 'सरकारी परिवार' को सत्ता की वसीयत बांट रहे। कथनी और करनी के इसी फर्क को नरेंद्र मोदी कहते हैं। कांग्रेस नेता ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में मंत्री बनकर सुविधा लेने वाले 20 नेताओं के नाम गिनाए जिनमें सर्वश्री एचडी कुमार स्वामी, जयंत चौधरी, रामनाथ ठाकुर,



### अमेठी-रायबरेली की जनता का आभार जताने राहुल-प्रियंका पहुंचे रायबरेली

राव इंद्रजीत सिंह, रवनीत सिंह बिट्टू, ज्योतिरादित्य सिंधिया, चिराग पासवान, राममोहन नायडू, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, किरण रिजिजू, जेपी नड्डा, जितिन प्रसाद, कीर्ति वर्धन सिंह और सुश्री अनुप्रिया पटेल शामिल है। उत्तरप्रदेश में कांग्रेस को उम्मीद की किरण दिखाने वाली अमेठी और रायबरेली की जनता का आभार व्यक्त करने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा मंगलवार शाम यहां पहुंचे।

फुर्सतगंज हवाई अड्डे पर दोनों वरिष्ठ नेताओं का स्वागत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, पार्टी महासचिव अविनाश पांडे ने बुके देकर किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी और विधानमंडल दल की नेता अराधना मिश्रा मोना के अलावा अमेठी के नवनिर्वाचित सांसद किशोरी लाल शर्मा भी मौजूद थे।

गौरतलब है कि हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी रायबरेली से कांग्रेस सांसद के तौर पर निर्वाचित हुये हैं जबकि अमेठी से गांधी परिवार के करीबी किशोरीलाल शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्मृति ईरानी को हराया है। इंडिया गठबंधन के तहत लड़ी कांग्रेस ने उत्तरप्रदेश में छह सीटें जीती हैं। इस बार राहुल गांधी केरल के वायनाड और रायबरेली से चुनाव जीते हैं हालांकि उन्होंने वायनाड को छोड़कर रायबरेली का सांसद बनने का मन बनाया है।

## सोशल मीडिया से हटा दें 'मोदी का परिवार'

### प्रधानमंत्री ने की खास अपील

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर समर्थकों से सोशल मीडिया अकाउंट्स से नाम के पीछे लगे 'मोदी का परिवार' शब्द हटाने को कहा है। उन्होंने कहा कि आपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर 'मोदी का परिवार' शब्द जोड़ा, जिससे मुझे काफी ताकत मिली है। अब आप उसको सोशल मीडिया से हटा लें। दरअसल, लोकसभा चुनाव के दौरान लालू यादव ने पीएम मोदी पर परिवार को लेकर टिप्पणी की थी। उसके बाद भाजपा ने 'मोदी का परिवार' अभियान सोशल मीडिया पर शुरू किया था।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया कि चुनाव प्रचार के दौरान पूरे भारत में लोगों ने मेरे प्रति स्नेह के प्रतीक के रूप में अपने सोशल मीडिया पर 'मोदी का परिवार' जोड़ा, इससे मुझे बहुत ताकत मिली। भारत के लोगों ने एनडीए को लगातार तीसरी बार बहुमत दिया है। यह एक तरह का रिकॉर्ड है। हमें अपने देश की बेहतरी के लिए काम करते रहने का जनादेश दिया है।

उन्होंने आगे लिखा कि हम सभी एक परिवार हैं। यह संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचाए जाने के बाद मैं एक बार फिर भारत के लोगों को धन्यवाद देना चाहूंगा। मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि अब आप अपने सोशल मीडिया से 'मोदी का परिवार' हटा दें।

### लालू के हमले का जवाब था 'मोदी का परिवार'

लालू यादव ने पटना की रैली में पीएम मोदी के परिवारवाद के हमले का जवाब देते हुए कहा था कि नरेंद्र मोदी का खुद का परिवार नहीं है, तो इसमें हम क्या कर सकते हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### केंद्र ने छग को जीएसटी की 4761.30 करोड़ की राशि हस्तांतरित की

#### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जताया आभार

रायपुर (दावा)। केंद्रीय वित मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ को वित्तीय वर्ष 2024-25 की जीएसटी की राशि 4761.30 करोड़ रूपए हस्तांतरित की गई है। इस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा है कि केंद्रीय वित मंत्रालय से जीएसटी की मिली राशि का उपयोग प्रदेशवासियों के हित और यहां के विकास कार्यों के लिए किया जाएगा।

## मणिपुर को लेकर दिए गए भागवत के बयान पर संजय राउत ने किया पलटवार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को नागपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मणिपुर हिंसा पर बयान दिया। उन्होंने कहा, मणिपुर एक साल से शांति की राह देख रहा, इसपर विचार करना होगा. मोहन भागवत के इस बयान पर विपक्षी दलों के नेताओं ने प्रतिक्रिया दी। शिवसेना के नेता संजय राउत ने कहा कि आरएसएस प्रमुख के बोलने से क्या होता है, उन्हीं के आशीर्वाद और कहने से सरकार चलती है।



वहीं, एनसीपी (शरद पवार गुट) की नेता सुप्रिया सुले ने कहा कि मैं मोहन भागवत के बयान का स्वागत करती हूं, क्योंकि मणिपुर भारत का हिस्सा है और जब हम अपने लोगों को इतना कष्ट सहते हुए देखते हैं, तो यह हम सभी के लिए बेहद परेशान करने वाला होता है. उन्होंने आगे कहा कि इंडी गठबंधन लंबे समय से इसकी मांग कर रहा है. आइए सभी दलों के साथ एक अच्छी समिति बनाएं, आइए मणिपुर को विश्वास दिलाएं. बंदूक से हल नहीं होता।

वहीं, आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा, 'यह खबरें तो बार-बार आ रही थी कि आरएसएस बीजेपी से खुश नहीं है. मगर समस्या यह है कि क्या आरएसएस के कहने पर बीजेपी सीख लेगी. मुझे नहीं लगता की सीख लेगी, क्योंकि बीजेपी के अध्यक्ष जेपी नड्डा खुद कह चुके हैं कि हमें ऋस्स् की जरूरत नहीं है, हम आत्मनिर्भर हैं।

मोहन भागवत सोमवार को नागपुर में रेशमबाग में डॉ. हेडगेवार स्मृति भवन परिसर में पहुंचे थे। उन्होंने यहां पर कार्यकर्ता विकास वर्ग-द्वितीय के समापन कार्यक्रम में आरएसएस प्रशिक्षुओं की एक सभा को संबोधित किया, उन्होंने इस दौरान कहा कि मणिपुर पिछले एक साल से शांति स्थापित होने का इंतजार कर रहा है. दस साल पहले मणिपुर में शांति थी. ऐसा लगा था कि वहां बंदूक संस्कृति खत्म हो गई है, लेकिन राज्य में अचानक हिंसा बढ़ गई है। उन्होंने कहा, मणिपुर की स्थिति पर प्राथमिकता के साथ विचार करना होगा, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आतंकियों और सुरक्षाबलों की बीच मुठभेड़, एक आतंकवादी ढेर

कठुआ। रियासी में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले के बाद आंतकियों ने दोबारा कायराना हरकत की है। दहशतगर्दों ने इस बार जम्मू के जिला कठुआ की तहसील हीरानगर के सैदा गांव को निशाना बनाया है। स्थानीय ग्रामीणों ने कथित तौर पर गोलियां चलने की आवाज सुनी। फायरिंग की सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों की टीम मौके पर पहुंची और इलाके को घेर लिया। सुरक्षा बलों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया।



जानकारी के अनुसार, तीन संदिग्ध आतंकियों ने हवा में फायरिंग की थी। फायरिंग के बाद इलाके में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी सुरक्षा बलों को दी। बड़े स्तर पर तलाशी अभियान चलाया गया। आतंकियों की फायरिंग में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### स्थानीय प्रशासन के संपर्क में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि आतंकवादी हमले के मद्देनजर डीसी कठुआ राकेश मिन्हास के साथ ऑनलाइन संपर्क में हूं। मैं एसएसपी अनायत अली चौधरी के भी संपर्क में हूं। जिस घर पर हमला हुआ उसका मालिक भी फोन पर संपर्क में है। उन्होंने कहा, पुलिस और अर्धसैनिक बलों का संयुक्त अभियान चल रहा है। अब तक एक आतंकवादी मारा गया है।

### जम्मू-कश्मीर के रियासी में हुआ हमला

बता दें कि रविवार को आतंकियों ने वैष्णोदेवी जा रही श्रद्धालुओं की बस को निशाना बनाया था। जिससे बस खाई में गिर गई। फिर घायल यात्रियों पर गोलीबारी की। रियासी के एसएसपी मोहिता शर्मा ने नौ लोगों के मारे जाने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि 33 लोग घायल हो गए।

## बर्ड फ्लू : कत्लखाना, पोल्टीफार्म और गटर लाईनों की जांच के आदेश

नई दिल्ली। अमेरिका और आस्ट्रेलिया के बाद भारत के चार राज्यों में बर्ड फ्लू के केस दर्ज हुवे हैं। केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य एवं पशुपालन मंत्रालय ने राज्यों को सरकारी और निजी अस्पतालों को एलर्ट रहने की सूचना दी है। एन्टिवाईरल दवाएं, पी.पी.ई कीट और मास्क का स्टाक पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था करने की सूचना दी है।

राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एन.सी.डी.सी.) तथा पशुपालन व डेयरी विभाग (डीएएचडी) द्वारा राज्यों को संयुक्त रूप से सूचना दी गई है कि घरेलु पक्षी-मुर्गियों की असामान्य, मृत्यु की घटनाओं पर नजर रखी जावे। एन.सी.डी.सी. के राज्यों को इसके अलावा कत्लखानें, पोल्टीफार्म्स, लीवेज और जल दवाइयों की



### ० चार राज्यों में बर्ड फ्लू का एलर्ट जारी: पक्षियों व मुर्गियों पर नजर ० छत्तीसगढ़ में सावधानी बरतनी होगी

जांच करने के आदेश दिए है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आन्ध्र के नेल्योर, महाराष्ट्र के नागपुर, केरल के अलप्पुजा और पथानामशिट्टा के अलावा झारखण्ड के रांची जिले में स्थित पोल्टी फार्म्स में संक्रमण की पुष्टि हो गई है। राहत इस बात की है कि मानवीय संक्रमण के केस अभी प्रकाश में नहीं आए हैं। साल 2006 में भारत में बर्ड फ्लू के बड़े पैमाने पर केस सामने आए थे। देश भर में संक्रमण को रोकने उस समय एलर्ट जारी किया गया था।

पड़ौसी राज्य महाराष्ट्र के नागपुर से छत्तीसगढ़ में बर्ड फ्लू को रोकने एहतियात तौर पर सावधान रहने की आवश्यकता है। पिछले मार्च माह से देश में एवियन इनफ्लुएंजा वाइरस (बर्ड फ्लू) के मामले भारत के विभिन्न राज्यों में सामने आए हैं।




## चंद्रबाबू नायडू सर्वसम्मति से विधायक दल के नेता चुने गए

विजयवाड़ा। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू को मंगलवार को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया।



तेदेपा, जन सेना और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित विधायकों की आज यहां बैठक में जन सेना प्रमुख के पवन कल्याण ने विधायक दल के नेता के रूप में श्री नायडू के नाम का प्रस्ताव रखा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डी पुरंदेश्वरी ने इसका समर्थन किया। तेदेपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के. अत्चन्नायडू ने जोरदार तालियों के बीच तीनों दलों के विधायकों की ओर से सर्वसम्मति से श्री नायडू को विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा की। श्री नायडू ने तीनों दलों के विधायकों को उन्हें अपना नेता चुनने के लिए धन्यवाद दिया। श्री कल्याण और सुश्री पुरंदेश्वरी ने भी नायडू को विधायक दल का नेता चुनने के लिए विधायकों को धन्यवाद दिया। तेदेपा नेता आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर को श्री नायडू के विधायक दल के रूप में चुने जाने की सूचना देंगे और औपचारिक रूप से उनसे नयी सरकार (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

# आलू-प्याज के दाम आसमान चढ़े... अनाज, गुड़ तेल, शक्कर के भी दाम बढ़े

### कमर तोड़ महंगाई से आम आदमी पस्त



राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों आलू प्याज के दाम आसमान छूने लगा है। आलू जहां 30 से 35 रूपए किलो हो गया है वही प्याज 40 से 45 रूपए किलो तक जा रहा है। इसी तरह लोगों के दैनिक उपयोग में आने वाली खाद्य सामग्री व सब्जी तरकारी भी अपने दाम में निरंतर इजाफा किए हुए है। दाल-दाल रोटी खाओ... प्रभु के गुन गावो.... कहे जाने वाले दाल वर्तमान में 170 से 180 रूपए प्रति किलो बिक रहा है। वही चना दाल चिल्हर रेट में 90 रूपए किलो तक पहुंच गया है।

अन्य दालों में मूंग, उडद व यो-मुंह मसूर की दाल कही जाने वाली मसूर की दाल की कीमतों में भी तेजी चल रही है। इसी तरह शरबती गेंहू 35 रूपए किलो से ऊपर जा रहा है वही शक्कर 42 रूपए किलो गुड 55 रूपए किलो बिक रहा है। सरसो तेल एक लीटर बाटल 155 से 160 रूपए। 200 ग्राम के अचार के मसाले का फैक्ट 50 से 70 रूपए पैकेट बिक रहा है।

#### आलू-प्याज के दाम में उछाल

गंज चौक स्थित आनंद आलू भंडार व गोल बाजार सर्विस रोड स्थित आवतराम प्याज आलू भंडार के संचालकों ने बताया कि इन दिनों नासिक, जामोद, अहमद नगर आदि जगहों से प्याज की आवक कम हो गई है। इस वजह फसल खराब होना बताया जा रहा है। आवतराम प्याज-आलू भंडार के कारण कुमार ने बताया कि इधर महाराष्ट्र से प्याज की आवक कम होने तथा मौसम में आई तब्दीली की वजह से देशी प्याज के खराब होने के कारण आलू-प्याज के दाम बढ़ रहे है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के उक्त क्षेत्र में मौके पर ही प्याज 30 से 32 रूपए किलो जा रहा है। बे मौसम बरसात से आलू-प्याज की फसल प्रभावित हुई है। यदि पानी-बारिश का ऐसा ही माहौल रहा तो इसकी कीमते और भी बढ़ सकती है।

#### टमाटर हुआ लाल

आलू-प्याज सहित अन्य खाद्य सामग्रियों के दाम तो बढ़े ही है। सब्जी तरकारी भी पीछे नहीं है। इन दिनों टमाटर लाल हुआ जा रहा है। बाजार में टमाटर 30 से 35 रूपए किलो तक बिक रहा है। वही हरी सब्जियों की कीमतों में उछाल देखी गई है। कोई भी सब्जी 25 से 30 व 40 से 50 रूपए किलो से नीचे नहीं जा रहा। लोगों की दैनिक उपयोग की खाद्य सामग्रियों सहित हरी सब्जियों के दाम बढ़ने से गृहिणियों के रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। दाम बढ़ने के सम्बंध में व्यापारियों से पूछे जाने पर कहा जाता है कि आवक, मांग व पैदावार को देखते हुए कीमतों में उतार-चढ़ाव होते रहता है। फसल कमजोर होने के कारण भी इसके दाम में बढ़ोतरी बनी रहती है। आलू-प्याज से लेकर टमाटर व हरी सब्जियों सहित खाद्य सामग्रियों के बढ़े हुए दाम से आम आदमी पस्त है। चुनाव के बाद महंगाई का असर और भी दिखने लगा है। इसमें आम आदमी सोचने के लिए विवश है कि आखिर इस महंगाई से उन्हें राहत कब मिलेगी।

## बारिश के पूर्व नाला सफाई अभियान देखने पहुंचे आयुक्त



- जी.ई.रोड में फैलाकर फल दुकान लगाने, कचरा जलाने पर जतायी नाराजगी
- संबंधित पर जुर्माना लगा दुकान हटाने के दिये निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम के स्वास्थ्य अमला द्वारा बारिश के पूर्व शहर के सभी बड़े नाली नालो की सफाई कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत चरणबद्ध शहर के प्रमुख नाली-नालो की सफाई मेनुवल एवं जे.सी.बी. के माध्यम से कराई जा रही है।

निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने आज आर.के.नगर, पुलिस अधीक्षक निवास के पीछे के नाले की सफाई का निरीक्षण किया और निगम सीमाक्षेत्र के सभी नालो व नालियों की मानसून पूर्व अच्छी तरह से सफाई करवाने स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल व वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा को निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जी.ई.रोड में मनोकामना भवन के पास फैलाकर फल दुकान लगाने तथा कचरा जलाने पर नराजगी व्यक्त करते हुये फल वाले को दुकान हटाने कहा तथा जुर्माना लगाने के निर्देशित किये। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि नालों एवं नालियों की सफाई के दौरान विशेष सतर्कता बरते। पालिथीन, झिल्ली पन्नी नालियों में न रहने पाये, क्योकि झिल्ली पन्नी फसने से पानी निकासी बाधित होती है। उन्होंने कहा कि पानी भरान क्षेत्र नंदई, इंदिरा नगर, जिला चिकित्सालय के सामने के नालों की अच्छी तरह से सफाई कराये, झिल्ली पन्नी फंसने को रोकने यथासंभव जाली लगाने के निर्देश सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम को दिये। इसके अलावा निचली बस्तियाँ जहॉ पानी भरान की स्थिति निर्मित होती है वहा के नाली नालों की सफाई करें, जरूरत पड़ने पर कच्ची नाली खोदे, बारिश के पूर्व शहर के सभी नालों की अच्छी तरह से सफाई करावे, ताकि बारिश में बरसाती पानी की निकास हो सकें।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि शहर के मुख्य मार्गो तथा जी.ई.रोड के किनारे, आर.के.नगर मोड के पास फल एवं अन्य समान विक्रेता जिनके द्वारा फैलाकर दुकान लगाया जाता है, कचरा फैलाया व जलाया जाता है उसे यातायात विभाग के साथ मिलकर हटाने की कार्यवाही करें, कचरा जलाने व फैलाने पर जुर्माना लगावे, सड़े गले फल सब्जी विक्रय पर जप्ती की कार्यवाही करें।

## पहला कॉलम...

### पेंशनरों को अपने जीवन की शेष अवधि राष्ट्र सेवा एवं समाज सेवा में नियोजित करना चाहिए



राजनांदगांव (दावा)। दिग्विजय महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. के.एल. टाण्डेकर ने पेंशनरों की सामूहिक बैठक में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किये। उन्होंने आगे कहा कि सभी पेंशनर सरकार से पेंशन पाते है, इसलिए आर्थिक रूप से सम्पन्न है। अतः नौकरी में रहते हुए तो हमने राष्ट्र की सेवा की है। किंतु अब हमारे पास पर्याप्त समय के साथ-साथ समाज के पिछड़े वर्ग की सेवा करनी चाहिए। कार्यकारी प्रांताध्यक्ष डी.एन. साहू ने कहा कि अगले माह होने वाले पेंशनरों के प्रांतीय चुनाव में डॉ. के.एल. टाण्डेकर राजनांदगांव जिला की ओर से प्रांताध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहेंगे जिसका उपस्थित सभी पेंशनरों ने करतल ध्वनि से समर्थन किया है। श्री टाण्डेकर ने संगठन के विकास हेतु नगद 10,000 रूपये की राशि प्रदान किये तथा प्रतिमाह 1000 रूपये देकर घोषणा किये है। इस पर सभी पेंशनरों ने उनका हार्दिक अभिनंदन किया।

बैठक की प्रांतीय महामंत्री के.पी. सिंह कुमर्दा तहसील अध्यक्ष पी.आर. चंद्रवंशी, राजनांदगांव तहसील अध्यक्ष जी.एल. सोनबोईर छुरिया तहसील से कोलूराम साहू, राजनांदगांव शहर से बी.टी. वाल्दे ने अपने तहसील का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में डी.डी. पाण्डे, शिवप्रसाद टेमरे, एस.के. सिंह, गैंदराम देवांगन, आर.के.दुबे, ए.एस. अंसारी, पुष्पा सावरकर, हसिना बेगम खान सहित बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे। बैठक का संचालन जिला महासचिव जी.आर. देवांगन ने की। बैठक में नये सदस्यों क्रमशः आशा तिवारी, ईश्वर लाल साहू, मीना बाई साहू, गणेश राम साहू, एस. कुमार हिरवानी, उमेश शुक्ला का सदस्यता सम्मान पत्र भेंटकर एवं फूल माला पहनाकर सम्मान किया गया। गोपाल राम साहू क जन्मदिन मनाया गया। अन्त में राष्ट्रगान के साथ बैठक का समापन किया गया।

### बजरंगपुर नवागांव में 22 को कबीर जयंती एवं सत्संग प्रवचन



राजनांदगाँव (दावा)। बजरंगपुर नवागाँव मे नगर इकाई साहू समाज एवं कबीरपंथियों द्वारा 22 जून को कबीर जयंती व सत्संग प्रवचन का कार्यक्रम रखा गया है। कल समाज की बैठक रखकर निर्णय लिया गया, कार्यक्रम में महात्मा लेखचंद साहेब के द्वारा प्रवचन किया जायगा। जयंती के सफल आयोजन हेतु एक समिति का भी गठन किया गया हैं, जिसमें संयोजक घनशु राम साहू, सह संयोजक लेखराम साहू, कोषाध्यक्ष राहुल साहू एवं कार्यकारिणी में विजय साहु, जागेश्वर साहू, अनिल साहू, अनुप साहू, कामता साहू, योगेश साहू, सुरेंद्र साहू, थानू राम, दुलेश्वर साहू, लोकेश साहू, पार मुखिया एवं युवा एवं महिला पदाधिकारियों को रखा गया है।

## नाबालिक को प्रेम जाल में फंसाकर ले जाने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा



पुलिस ने नाबालिक लड़की एवं आरोपी को टेडेसरा में किया गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। छुरिया पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के गुम हुई नाबालिग लड़की को सोमनी थाना क्षेत्र के ग्राम टेड़ेसरा से उसे भगा ले जाने वाले आरोपी के साथ बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 366, 376(2)(ढ) भादवि 6 पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल की सीखचों के पीछे भेजा दिया है। आरोपी का नाम देवेन्द्र बोरकर पिता कोमल बोरकर उम्र 21 साल निवासी भंसुला वार्ड क्र. 08 थाना अंबागढ़ चौकी बताया जाता है।

छुरिया थाना प्रभारी अवनीश कुमार श्रीवास ने बताया कि घटना के संबंध में प्रार्थी गत 15 मई को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिक बेटी छुरिया जा रही हूं कहकर निकली थी जो घर वापस नही आयी है, शंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना छुरिया में अपराध क्रमांक 112/2024 धारा 363 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना क्रम में 10 जून को प्रार्थी थाना उपस्थित आकर बताया कि एक नंबर से फोन आया था जिसमें पीड़िता टेडेसरा के किराये के मकान में है और वह उसे लेने आ जाओ बोल रही है। इस सूचना पर अपहृता की बरामदगी जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग से निर्देश प्राप्त कर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में उनके स्वयं के नेतृत्व में सायबर सेल से तकनीकी सहायता प्राप्त कर पुलिस टीम एवं परिजनों के साथ रवाना होकर टेडेसरा पहुंचे। जहां एक किराये के मकान में अपहृता को एक लड़के जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम देवेन्द्र बोरकर पिता कोमल बोरकर उम्र 21 साल निवासी भंसुला वार्ड क्र. 08 थाना अंबागढ़ चौकी जिला मोहला मानपुर अंबागढ चौकी बताया। मौके पर बरामदगी पंचनामा तैयार कर दोनों को थाना छुरिया लाया गया। अपहृता की महिला पुलिस अधिकारी से धारा 161 जा.फौ. के अन्तर्गत कथन कराया गया, जिस पर अपहृता के कथनानुसार प्रकरण में धारा 366, 376(2)(ढ) भादवि 6 पॉक्सो एक्ट जोड़ी गई है। आरोपी को पुछताछ की गई जिस पर आरोपी द्वारा जुर्म कारित करना स्वीकार करने पर सोमवार 10 जून के 21:00 बजे उसे गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना आरोपी के परिजन को दिया गया। मामला अजमानतीय होने से न्यायिक आरोपी को अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री पं. शुक्ल की 11वीं पुण्यतिथि पर शहर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री पंडित विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर मंगलवार 11 जून को स्थानीय कांग्रेस भवन में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में संगोष्ठी सभा आयोजित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

संगोष्ठी सभा का संचालन करते हुए शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि सर्वप्रथम शहीद स्व. विद्याचरण शुक्ल के तैलचित्र पर कांग्रेसजनों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा 'विद्या भईया अमर रहे के नारे लगाए गए'। संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू ने वरिष्ठ नेता पंडित विद्याचरण शुक्ला को नमन करते हुए कहा कि विद्या भैया ने देश के साथ-साथ अविभाजित मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के विकास के लिए अनेकों कार्य किए है। इंदिरा जी के प्रधानमंत्रित्व काल में सूचना-प्रसारण व जल संसाधन मंत्री बने और देश के विकास में अपना योगदान दिए थे। विद्या भईया आजीवन समाजसेवा व देश सेवा में लगे रहे और उन्होंने कई बार लोकसभा में अविभाजित मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। वे छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के लिए काफी संघर्ष किया था। सन 2013 के परिवर्तन यात्रा में झीरम घाटी में उन्हें गोली लगी थी और आज ही के दिन 11 जून 2013 में उनका निधन हुआ था।

संगोष्ठी सभा के नेतृत्वकर्ता शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल के 11वीं पुण्यतिथि पर नमन करते हुए कहा कि पंडित विद्याचरण शुक्ल एक दमदार राजनेता थे। वे सदैव संगठन व कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाते रहे। छग से भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा परिवर्तन यात्रा निकाली गई थी। किन्तु बस्तर में परिवर्तन यात्रा के वापसी के दौरान 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सलियों द्वारा हमले में गोली लगने से घायल होने के बाद भी कई दिनों तक अस्पताल में संघर्ष करते रहे और 11 जून 2013 को अंतिम सांस ली। अलग-अलग विभागों में भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री रहते अविभाजित मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में अपनी भूमिका का निर्वाहन किया। कार्यक्रम के अंत में स्व.विद्याचरण शुक्ल को समस्त कांग्रेसजनों द्वारा दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

संगोष्ठी सभा को पंकज बाधव, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने संबोधित किया। तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों ने दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। संगोष्ठी सभा में प्रमुख रूप से श्रीमती मोहिनी सिन्हा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखिजा, अतुल शर्मा, नारायण सोनी, विनोद यादव, चेतन सिन्हा, पार्षद मनीष साहू, सुरेन्द्र गजभिए, जितेन्द्र सिन्हा, निलेश पाण्डे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। उपस्थित कांग्रेसजनों का शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष झम्मन ने आभार व्यक्त किया।

### विधायक दलेश्वर साहू कल से डोंगरगांव कार्यालय में



डोंगरगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव के संपन्न होने तथा आदर्श आचार संहिता के हटने के बाद अब जनप्रतिनिधियों का आमजनों से मिलने और उनकी समस्याओं को सुनने का क्रम जारी हो गया है। विधानसभा क्षेत्र डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू कल 13 जून से प्रत्येक गुरूवार शहर के मोंगरा कालोनी स्थित विधायक कार्यालय में प्रातः 10 बजे से शाम तक आमजनों से मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगें। उक्ताशय की जानकारी उनके विधायक प्रतिनिधि व मिडिया प्रभारी ने दी है।

### वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

राजनांदगांव (दावा)। तुलसीपुर बख्तावर चाल गली नं.3 निवासी लगभग 70 वर्षीय वृद्ध ने सोमवार की रात तकरीबन एक डेढ़ बजे अपने निवास स्थान के पंखे वाले हुक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह उसके बड़े बेटे नंदू सेवता द्वारा अपने पिता को फांसी में लटके देखे जाने पर लोगों को सूचना दी व पुलिस को सूचना दिए जाने उपरांत मृतक वृद्ध को फांसी से उतारा गया। मृतक का नाम दसरू सेवता बताया जाता है।

वार्ड पार्षद पारस वर्मा ने बताया कि दसरू सेवता का पुराना निवास स्थान छुरिया के पास बम्हनी चारभाठ है। जो काफी दिनों से तुलसीपुर में अपने परिवार के साथ रह रहा था। मृतक दसरू सेवता का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव को उसके परिजनों को सौंप दिया है। जिसका अंतिम संस्कार उसके गृह ग्राम बहमनी-चारभाठा में कर दिया गया।


न्यायालय तहसीलदार खड़गांव, जिला - जिला मोहला- मानपुर- अं. चौकी (छ.ग.)

//उद्घोषणा//

रा.प्र.क्रं.............बी/121 वर्ष 2023-24

एतद्‌ द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्यामबाई पति बिसरू जाति हल्बा निवासी घोड़ागांव ने ग्राम घोड़ागांव राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील खड़गांव प.ह.नं. 05 स्थित अपने भूमि स्वामी हक की खसरा संख्या 134/1 रकबा 1.4170 हे कुल ख. नं. 01 कुल रकबा 1.4170 जो आवेदिका के नाम पर दर्ज है का किसान किताब गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट किसान किताब बनाये जाने आवेदन पत्र मय शपथ पत्र एवं रू. 24/- का चालान क्रमांक 03 दिनांक 19.12.2023 पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को अगर कोई दावा आपत्ति हो तो मामले के सुनवाई तिथि 12.06.2024 तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर से एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 27-05-2024

पेशी दिनांक - 12-06-2024

तहसीलदार, खड़गांव (छ.ग.)



न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

राजस्व मामला क्रमांक 202405093700028 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद्‌ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संदीप खनूजा आ. स्व. बलवीर खनूजा, निवासी-गांधी चौक, राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला दीवानपारा स्थित शीट क्रमांक 36 डी, भूखण्ड क्रमांक-112/1, क्षेत्रफल 83.50 वर्गमीटर जो धारकगण पंकज खनूजा, संदीप खनूजा दोनों आ.बलबीर खनूजा, निवासी-गांधी चौक, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा पुनर्विलोकन आवेदन प्रस्तुत कर वादग्रस्त भूखण्ड पर अनावेदक पंकज खनूजा आ. बलबीर खनूजा का नाम विलोपित कर आवेदक स्वयं का नाम यथावत्‌ रखा जाकर अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 01.07.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी। यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी

नजूल जांच, राजनांदगांव



कार्यालय - रिटर्निंग अधिकारी शासकीय कर्मचारी साख सहकारी समिति मर्या. घुमका पं.क्र.-216 जिला राजनांदगांव

// सूचना //

शासकीय कर्मचारी साख सहकारी समिति मर्या. घुमका पं. क्र. 216 के रिटर्निंग अधिकारी श्री एस.एन. चकलादार के द्वारा समिति का निर्वाचन कार्यक्रम दिनांक 11.06.2024 को जारी किया गया है। जिसके अनुसार समिति में कुल 11 सदस्यों का निर्वाचन किया जावेगा, जिसमें 06 सदस्य अनारक्षित वर्ग से (जिसमें से एक पद महिला वर्ग हेतु आरक्षित), तीन सदस्य अन्य पिछड़ा वर्ग से (जिसमें से एक पद महिला वर्ग हेतु आरक्षित) एक सदस्य अनुसूचित जाति वर्ग एवं एक सदस्य अनुसूचित जनजाति वर्ग से होगा। नामांकन पत्र जमा करने का दिनांक 20.06.2024 को समय 12 से 3 बजे तक है। नामांकन पत्रों की जांच दिनांक 21.06.2024 को 12 बजे से किया जावेगा, नामांकन पत्र की वापसी, अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आबंटन दिनांक 22.06.2024 को समय 12 से 02 बजे तक एवं दिनांक 30.06.2024 को समय 12 से 03 बजे तक विशेष साधारण सम्मिलन में चुनाव (मतदान) तथा मतदान समाप्ति के एक घंटे बाद मतगणना प्रारंभ की जायेगी। दिनांक 01.07.2024 को समय 12 से 02 बजे तक रिक्त स्थानो का सहयोजन (यदि आवश्यक हुआ तो) किया जावेगा।

दिनांक 04.07.2024 को समय 12 बजे से अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों का चुनाव किया जावेगा। उक्त सभी कार्य समिति कार्यालय घुमका में संपादित किया जावेगा।

एस.एन. चकलादार (रिटर्निंग अधिकारी)

शासकीय कर्मचारी साख सहकारी समिति मर्या, घुमका

पंजीयन क्रमांक-216


### शुभांक

अनुमानित

बी. के

1-6-8

223-7 690-5

राजधानी

1-4-9

230-5 477-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में

भीड़भरा शानदार तीसरा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर

सतीश जैन कृत

मोर छंइया भुंईया-2

छत्तीसगढ़ी भाषा में

कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



paytm book my show | SILVER SCREEN MULTIPLEX | silver SCREEN

09th June to 13th June 2024




Mor Chhainha Bhuinya 2 (C.G)- 12:00, 12:30, 03:00, 06:00 & 09:00 pm

Mr and Mrs Mahi - 03:15, 06:15 & 09:15 pm

Munjya - 12:15, 03:30, 06:30 & 09:30 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200



कार्यालय-रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राजस्व तृतीय श्रेणी कर्मचारी गृह निर्माण सह. समिति मर्या. राजनांदगांव पंजीयन क्रमांक 59, जिला-राजनांदगांव

// सूचना //

राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग, छत्तीसगढ़ के आदेश क्रमांक/ रा.स.नि.आ./ निर्वाचन / RJN-186/2024/203 रायपुर दिनांक 16.02.2024 के द्वारा राजस्व तृतीय श्रेणी कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित राजनांदगांव पंजीयन क्रमांक-59, विकासखण्ड एवं जिला राजनांदगांव की सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

अतः मैं एस.एन. चकलादार पद वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए राजस्व तृतीय श्रेणी कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित राजनांदगांव पंजीयन क्रमांक-59, विकासखण्ड एवं जिला राजनांदगांव के सदस्य सूची का प्रथम प्रकाशन दिनांक 12.06.2024 को 1. संस्था कार्यालय राजनांदगांव 2. कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता राजनांदगांव. 3. जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. राजनांदगांव शाखा राजनांदगांव एवं 4. कार्यालय विकासखण्ड अधिकारी (जनपद पंचायत) राजनांदगांव के कार्यालय में कर रहा हूं। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 12.06.2024 से दिनांक 19.06.2024 तक श्री इन्द्रजीत प्रधान सहायक ग्रेड-1 (लिपिक), कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता राजनांदगांव के समक्ष कार्यालयीन समय में कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता राजनांदगांव में सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण मेरे द्वारा कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता राजनांदगांव में दिनांक 24.06.2024 को 12 बजे से संस्था में उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर किया जावेगा।

(एस.एन. चकलादार)

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी

दिनांक 12.06.2024

राजस्व तृतीय श्रेणी कर्मचारी गृह सहकारी समिति मर्या., राजनांदगांव पंजीयन क्रमांक 59



न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क 202406092300007-अ/6 (अ) वर्ष 2023-24

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जोगिन्दर लाल साहू पिता मनहरण लाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम मुसराकला तहसील डोंगरगढ़ द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम मुसराकला प.ह.नं. 16 तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 146 रकबा 0.012 हेक्टेयर भूमि स्थित है। उक्त भूमि के ऑनलाईन बी-1, खसरा, नक्शा एवं ऋण पुस्तिका में आवेदक का नाम डेविड कुमार पिता मनहरण अंकित है जो लिपिकीय त्रुटि है, जो कि मेरा सही नाम जोगिन्दर लाल साहू पिता मनहरण लाल है। अतः उक्त भूमि के ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड एवं ऋण पुस्तिका में आवेदक का नाम डेविड कुमार के स्थान पर सही नाम जोगिन्दर लाल साहू पिता मनहरण लाल साहू दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 24.06.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया।

नायब तहसीलदार

डोंगरगढ़ (छ.ग.)



छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग सामान्य वनमण्डल रायगढ़ (छ.ग.)

नीलाम विज्ञापन

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि रायगढ़ वनमण्डल रायगढ़ के अधीनस्थ काष्ठागार उर्दना रायगढ़ में उपलब्ध ईमारती लकड़ी (काष्ठा जलाऊ) एवं बांस का दर्शित तिथि व समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा नीलाम किया जावेगा।

नीलाम स्थान- काष्ठागार (उर्दना) रायगढ़, (1) नीलाम दिनांक- 21.06.2024, (2) नीलाम समय- प्रातः 9.00 बजे से प्रारंभ

| आ. क्रं. | प्रजाति | नया वनोपज | | | पिछला निलाम का शेष वनोपज | | | योग वनोपज | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग | डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग | डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग | डेंगरी नग |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 | 10 | 11 |
| 1 | सागौन | 15.00 | 0 | 0 | 12.630 | 29 | 11 | 27.630 | 29 | 11 |
| 2 | साल | 200.000 | 0 | 0 | 90.597 | 0 | 0 | 290.597 | 0 | 0 |
| 3 | बीजा,शीशम,तिन्सा | 25.000 | 0 | 0 | 3.998 | 0 | 0 | 28.998 | 0 | 0 |
| 4 | साजा/अर्जुन | 5.000 | 0 | 0 | 4.313 | 0 | 0 | 9.313 | 0 | 0 |
| 5 | धावड़ा | 0.000 | 0 | 0 | 4.451 | 0 | 0 | 4.451 | 0 | 0 |
| 6 | अन्य | 5.000 | 0 | 0 | 10.974 | 0 | 0 | 15.974 | 0 | 0 |
| | योग — | 250.000 | 0 | 0 | 126.963 | 29 | 11 | 376.963 | 29 | 11 |
| 7 | सतकठा जलाऊ | 380 | चट्टा | 0 | 439 | चट्टा | 0 | 819 | चट्टा | - |
| 8 | औद्योगिक बांस | 160.000 | नो.टन | 0 | 11.000 | नो.टन | 0 | 171.000 | नो.टन | |
| 9 | व्यापारिक बांस | 25000 | नग | 0 | 10130 | नग | 0 | 35130 | नग | |

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम की शर्ते व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय में उर्दना काष्ठागार, रायगढ़ से प्राप्त की जा सकती है। बोलने के पूर्व लाटों का भली भांती निरीक्षण कर लेवें बाद में मात्राओं आदि के ब्यौरे गलत पाये जाने पर मुआवजे या किसी अन्य राहत के लिए कोई दावा मान्य नहीं होगी।

टीपः- 01. क्रेता को ई.एम.डी. के साथ पेन नं. एवं रजिस्ट्रेशन वर्ष एवं जी. एस. टी. नं. की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 02. सभी राष्ट्रीयकृत बैंक का मल्टीसीटी चेक अथवा ड्राप्ट ही स्वीकार किए जायेंगे। अन्य बैंकों के मल्टीसीटी चेक स्वीकार नहीं किए जायेंगे। 03. नीलाम स्थल पर मात्र 10 प्रतिशत राशि ही नगद लिया जावेगा। शेष राशि का मल्टीसिटी चेक अथवा ड्रॉप्ट के माध्यम से ही भुगतान लिया जावेगा।

जी- 242500205/4

वन मंडलाधिकारी, रायगढ़ वनमण्डल रायगढ़

# कल व्यापमं की पीईटी और पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा

- परीक्षार्थियों को उनके प्रवेश पत्र में दिये केन्द्र में ही बैठने की होगी अनुमति
- प्रवेश पत्र के साथ मूल पहचान पत्र लाना होगा अनिवार्य

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश के इंजिनीयरिंग एवं फॉर्मेसी महाविद्यालयों प्रवेश हेतु व्यापमं द्वारा प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन राजनांदगांव जिले के 5 केन्द्रों में 13 जून को आयोजित की जा रही है। पी.ई.टी. परीक्षा प्रातः 9 बजे से 12:15 बजे तक 3 केन्द्रों (दिग्विजय महाविद्यालय, कमलादेवी महाविद्यालय तथा शिवनाथ महाविद्यालय) में तथा पी.पी.एच.टी. की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 5:15 बजे तक 5 केन्द्रों (मल्टीपर्पस स्कूल तथा बल्देवप्रसाद मिश्र स्कूल के साथ तीनों शासकीय महाविद्यालयों) में आयोजित है। परीक्षा के समन्वयक डॉ. अंजना ठाकुर, प्राचार्य शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय ने बताया की पी.ई.टी. में जिले में 976 तथा पी.पी.एच.टी. में 1768 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं।

उन्होंने कहा है कि परीक्षार्थी अनिवार्य रूप से परीक्षा के एक घण्टे पूर्व परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र तथा मूल पहचान पत्र लेकर पहुंचे। परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश पत्र के साथ मूल पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, विद्यालय द्वारा जारी फोटो युक्त परिचय पत्र जैसे किसी एक पहचान पत्र की मूल प्रति लाना अनिवार्य है।

इसके बगैर परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाऐगा साथ ही परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर ले, कि उनका प्रवेश पत्र 2024 का ही हो। किसी भी परीक्षार्थी को उनके निर्धारित केन्द्र में ही बैठने की अनुमति होगी। प्रवेश पत्र में दिये गए केन्द्र के अतिरिक्त किसी अन्य केन्द्र में बैठने नहीं दिया जायेगा। अतः सभी परीक्षार्थी वर्ष 2024 के प्रवेश पत्र में दिये गए केन्द्र में निर्धारित समय से आधे घण्टे पूर्व मूल पहचान पत्र एवं प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित हो।

परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अमीय श्रीवास्तव एवं समन्वयक डॉ. अनजना ठाकुर ने संयुक्त रूप से सभी 5 केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों, नोडल तथा समन्वयक केन्द्र द्वारा नियुक्त किये पर्यवेक्षकों की बैठक दिग्विजय महाविद्यालय में लेकर उन्हें परीक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। नोडल अधिकारी अमीय श्रीवास्तव ने सभी केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार में अनिवार्य रूप से एक जिम्मेदार अधिकारी को नियुक्त करें जो परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र एवं मूल पहचान पत्र की जांच कर ही उन्हें परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दे। परिवेक्षक नियमित रूप से परीक्षा केन्द्र का भ्रमण करें तथा विक्षकों की बैठक लेकर उन्हें परीक्षा संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करें।

ब्रिफिंग सत्र में परीक्षा के सहायक समन्वयक दीपक कुमार परगनिहा 5 केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष तथा नोडल एवं समन्वयक केन्द्र द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक उपस्थित रहें।

# नीट रिजल्ट के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची लखनऊ की आयुषी पटेल

## फटी ओएमआर शीट पर उठाए सवाल



लखनऊ। लखनऊ की रहने वाली आयुषी का आरोप है कि अगर उनकी ओएमआर शीट को जानबूझकर फाड़ा गया है, अगर फटी है तो इसकी मैन्युअली जांच भी हो सकती है। नीट 2024 के नतीजों को लेकर इस बार कई तरह के विवाद देखने को मिल रहे हैं. कई जगहों पर इसका विरोध भी हो रहा है. वहीं नीट परीक्षा देने वाली लखनऊ की आयुषी पटेल अब इसके विरोध में हाईकोर्ट चली गई है, आयुषी ने कहा कि उनके नतीजों के साथ स्कैम हुआ है। पहले तो उनका नतीजा वेबसाइट पर अपलोड ही नहीं किया गया और फिर एक मेल आया और दावा किया कि उनकी ओएमआर (उत्तर पुस्तिका) शीट ही फटी हुई है। आयुषी ने बताया कि 4 जून को इनका रिजल्ट शो नही हो रहा था, सारी डिटेल्स भरने के बाद वेबसाइट पर लिखा आ रहा था कि आपका रिजल्ट जनरेट नहीं हुआ है। इसके एक घंटे बाद उनके पास एनटीए की ओर से मेल आया जिसमें बताया गया कि इनकी ओ.एम.आर शीट फटी हुई है, आयुषी का आरोप है कि उनकी ओ.एम.आर शीट को जानबूझकर फाड़ा गया है।

एनटीए के मेल पर आयुषी ने फिर से रिप्लाई किया और अपनी फटी हुई ही ओएमआर शीट को दिखाने के लिए कहा, 24 घंटे में उनकी ओएमआर शीट मेल पर भेज गई। उन्होंने कहा कि इस शीट का बार कोड फटा हुआ था लेकिन उसमें सभी उत्तर साफ देखे जा सकते हैं। उन्होंने दावा किया जब इस ओएमआर शीट के उत्तर चेक किए गए तो उनका स्कोर 715 था। आयुषी पटेल ने एनटीए के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। उनका कहना है कि अगर उनकी ओएमआर शीट फटी है तो इसमें उनकी कोई गलती नहीं है, ऐसे में इसे मैन्युअली भी चेक किया जा सकता है। पूरा पेज साफ दिखाई दे रहा है, इस पेपर को सिर्फ पांच मिनट में चेक किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है कि तो उनके चार साल की मेहनत बच सकती है। आयुषी के रिज़ल्ट और एनटीए की ओर से मिली ओएमआर शीट फटी तो हुई है लेकिन सवाल उठता है कि अगर ओएमआर फटी थी तो उसे एग्ज़ाम के समय ही छात्र से लिया क्यों गया था? और अगर ये बीच में किसी से फट गई है तो इसके लिए छात्र कैसे जिम्मेदार हो सकता है, इसकी सजा उस छात्र को कैसे दी जा सकती है जो सालों से परीक्षा के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा है।

# छत्तीसगढ़ के 24 प्रमुख जिलों में व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर संपन्न हुए



राजनांदगांव (दावा)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के प्रमुख जिले जिसमें बिलासपुर मुंगेली गरियाबंद दंतेवाड़ा सुकमा आदि में व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर संपन्न हुआ इसमें लगभग 24 जिले के बच्चे शामिल हुए थे। राजनांदगांव की शिक्षिका श्रीमती शीला सोनी जो की राजनांदगांव जिले की नारी सशक्तिकरण अभियान की प्रभारी है ने टोली नायिका के रूप में बिलासपुर और मुंगेली जिले में जाकर लगभग 300 से ज्यादा युवा बच्चों को मार्गदर्शन दिया व्याख्यान करके मोटिवेट किया प्रेरित किया यह शिविर पूर्णतया आवासीय एवं निःशुल्क तथा जिसमें बिलासपुर के सांसद एवं वर्तमान में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन लाल साहू के मार्गदर्शन एवं सहयोग से संपन्न हुआ। इसी तरह दिनांक 5 जून से 9 जून तक मां चंद्रहासिनी की नगरी चंद्रपुर रायगढ़ जिले में नारी शक्ति करण प्रशिक्षक-प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ, जिसमें श्रीमती शीला सोनी शिक्षिका ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए हुए 200 बहनों जिसमें रायपुर बिलासपुर बस्तर दुर्ग जशपुर कोंडागांव की प्रतिभागी बहनों को प्रशिक्षित किया, जिसमें प्रमुख विषय पर प्रशिक्षण दिया गया जैसे नारी सशक्त कैसे बने? परिवार एवं समाज में, राष्ट्र में नारी की भूमिका कैसी हो? कुरीति उन्मूलन, दहेज प्रथा, महिला अपराध, मासिक धर्म, कन्या जीवन में तनाव, स्वास्थ्य, पर्यावरण-जल संरक्षण, नशा आदि विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ के प्रमुख भाई ओमप्रकाश राठौर एवं डॉ श्रीमती कुंती साहू के मार्गदर्शन में सभी प्रशिक्षक बहनों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया या प्रशिक्षण शिविर अद्भुत एवं अविस्मरणी रहा। श्रीमती शीला सोनी ग्रीष्म अवकाश का सदुपयोग करते हुए युवा भाई बहनों को शिक्षा के साथ-साथ जीवन जीने की कला एवं मूल्य पर आधारित शिक्षा भी प्रदान कर रही हैं ताकि हमारे युवा हमारे देश को जगतगुरु बनाने में अपनी अग्रणी भूमिका निभा सके हमारे युवा बच्चे हमारे देश का आईना है जैसा-जैसे हमारे युवा भाई बहन होंगे वैसा ही हमारा देश बनेगा आगे बढ़ेगा।

# रक्तवीर जितेंद्र मानसिंग साहू ने जन्मदिवस पर किया 35वां रक्तदान



राजनांदगांव (दावा)। जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराए जाने के साथ ही रक्तदान करने को लोगों को प्रेरित करने वाली समाज सेवी संस्था छात्र युवा मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष रक्तवीर जितेंद्र मानसिंह साहू ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर रक्तदान किया इसके पूर्व भी जरूरतमंदों के लिए विभिन्न अवसरों पर 34 बार रक्तदान कर चुके हैं रक्त वीर का मानना है कि इस सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं हो सकता ई-रक्तकोष क्या आप जानते हैं कि जो लोग रक्तदान करते हैं उन्हें दिल का दौरा पढ़ने की संभावना 88 प्रतिशत कम होती है और किसी भी प्रकार की हृदय संबंधी बीमारी होने की संभावना 33 प्रतिशत कम होती है जब आप रक्तदान करते हैं तो यह आपके शरीर से 225 से 250 मिलीग्राम आयरन को हटा देता है जिससे हृदय रोग का खतरा कम हो जाता है आप सभी से निवेदन रक्तदान जरूर करें क्योंकि दूसरों की रक्त से बचती है अपनों की जान तब पता चलता है क्या है रक्तदान महादान। इस अवसर पर छात्र मंच युवा संयोजक नागेश यदु, प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभान जंघेल, रक्तदान शतकवीर फनेद्र जैन, योशित चंद्र कुमार साहू, काव्यांश शैलेंद्र साहू उपस्थित थे।

# मोदी सरकार ने किसान सम्मान निधि व पीएम आवास जारी कर नेक इरादों की झलक दिखाई- भरत वर्मा



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार गठित केंद्र की भाजपानीत राजग सरकार द्वारा कार्यभार ग्रहण करते ही किसानों को सम्मान निधि की राशि जारी करने और गरीब परिवारों के लिए तीन करोड़ नए प्रधानमंत्री आवास बनाने के व्यक्त संकल्प के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री वर्मा ने कहा कि कार्यभार सँभालते ही प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा सर्वप्रथम किसान सम्मान निधि जारी करने के लिए फाइल हस्ताक्षरित करने से किसानों और गरीब कल्याण के प्रति भाजपानीत राजग सरकार के नेक इरादों की झलक मिल गई है और देश के किसानों में एक बार फिर यह पक्का भरोसा कायम हुआ है कि नई केंद्र सरकार ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था की महत्वपूर्ण धुरी कृषि क्षेत्र में विकास के नए आयाम गढ़ेगी।

श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा तीसरे कार्यकाल की शपथ लेने के बाद सोमवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। इसके तहत देश के 9.3 करोड़ किसानों के बैंक खाते में 20 हजार करोड़ रुपए की राशि भेजी जाएगी। इससे छत्तीसगढ़ के 23 लाख 64 हजार 465 किसान भी लाभान्वित होंगे। इसके पहले जब 16वीं किस्त से राज्य के करीब 23.14 लाख किसानों को लाभ मिला था। छत्तीसगढ़ के किसानों को अब तक लगभग 7800 करोड़ का लाभ इस योजना से मिल चुका है। हालांकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश के 38 लाख से ज्यादा किसान पंजीकृत हैं। यह योजना देशभर में भूमिधारी किसानों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए फरवरी 2019 में शुरु की गई थी। इस योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से किसानों के आधार से जुड़े बैंक खातों में तीन समान किस्तों में प्रतिवर्ष 6000 रुपए अंतरित किए जाते हैं।

श्री वर्मा ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अब तक 11 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों के खाता में प्रति क़िस्त 2-2 हजार के हिसाब से अब तक 3.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है। श्री वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। श्री वर्मा ने कहा कि इसी प्रकार प्रधानमंत्री श्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में मंत्रिमंडल की पहली बैठक का पहला फैसला गरीबों के कल्याण से जुड़ा रहा। मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देशभर में गरीबों के लिए तीन करोड़ मकानों के निर्माण को मंजूरी दी।

# अनापेक्षित घटनाओं को रोकने रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा चलाया जागरूकता अभियान



राजनांदगांव (दावा)। गत 3 जून से 9 जून तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलव, नागपुर मंडल क्षेत्राधिकार में लापरवाही के कारण रेल गाडीयों की चपेट में आने से मेन रन ओवर के कुल 08 (नागभिड क्षेत्राधिकार-01 राजनांदगांव-02, नैनपुर-02, भंडारा-02 तथा गोंदिया-01) मामले हुए है तथा मवेशी रन ओवर के 17 मामले (भंडारा क्षेत्राधिकार-01, डोंगरगढ-03, नागभिड-02, नैनपुर-07 तथा राजनांदगांव-04) रेल के चपेट में आने के कारण घटीत हुए है।

रेलवे सुरक्षा बल द्वारा अनापेक्षित घटनाओं की रोकथाम हेतु अभियान का आयोजन दीप चन्द्र आर्य, मंडल सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है ताकि हम यात्रियों की सुरक्षा और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित कर सकें। नागपुर मंडल क्षेत्राधिकार में मेन रन ओवर एवं मवेशी रन ओवर के अति प्रभावित स्थान/सेक्शन के नजदीक बसे गांव, बस्ती तथा झुग्गीयों में जाकर ग्रामीणों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। मवेशीयों के संबंध में ग्रामीणों को तथा मवेशी मालिकों को बताया गया है कि, मवेशीयों को रेल लाईन पर ना आने देने के साथ-साथ ग्राम सरपंच, स्थानीय प्रशासन से समन्वय कर ग्रामीणों को इस संबंध में जागरूक करने हेतु मुनादी कर रेल परिक्षेत्र में अनाधिकृत रूप से प्रवेश ना करने हेतु समझाईश दिया जा रहा है। विगत सप्ताह में नागपुर मंडल द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाकर आमजनों को जागरूक किया गया, उपरोक्त जागरूकता अभियान के दौरान अनाधिकृत रूप से रेल परिक्षेत्र में प्रवेश करने वाले कुल 04 व्यक्तीयों को पकड़ कर उनके विरूद्ध रेल अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्यवाही कि गई।

# आकाशीय बिजली गिरने से एक दर्जन से अधिक मजदूर घायल



मोहला (दावा)। मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के वन विकास निगम के कोरल दंड नर्सरी में पौधरोपण का कार्य चल रहा था। तभी अचानक दोपहर के वक्त मौसम बिगड़ा तेज आंधी तूफान के साथ बारिश हुई वहीं आकाशीय बिजली गिरने से कार्य में लगे मजदूर आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए।

जानकारी के मुताबिक पंद्रह मजदूर घायल हुए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए 108 की सहायता से शासकीय चिकित्सालय मोहला लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन मजदूर राजेश्वरी बाई, चंचल और रजई बाई जो गंभीर रूप से घायल हुए है उन्हे मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर किया गया। बाकी बारह मजदूर मंगलेश, दमन तारम, आशीष, दामिनी, प्रीति, अजय, भाविका, करिश्मा, रीना, चंद्रिका, वंदना, गीता इनका उपचार मोहला शासकीय चिकित्सालय में जारी है।

# गरज-चमक के साथ हुई हल्की बारिश से उमस बढ़ी

राजनांदगांव (दावा)। मंगलवार की दोपहर गरज-चमक के साथ हल्की-फुल्की बारिश होने से उमस बढ़ गई है। इससे लोग पसीने से तरबतर हो रहे है। आलम यह है कि चिपचिपी गर्मी व उमस से निजात दिलाने पंखे, कुलर की हवा साथ नहीं दे पा रहे है।

बता दे कि प्री. मानसून की दस्तक 6 जून को देनी थी। किन्तु वह अज्ञात कारणों से लौट गया था। इससे शुरूआती दिनों में ही उसे कमजोर कहा जा रहा था। प्री. मानसून के एक दो दिन में सक्रिय होने की बात कही जा रही थी। इसके सिस्टम बनने लगे थे। उक्त सिस्टम का थोड़ा बहुत अंश मंगलवार दोपहर को गरज चमक के साथ देखने को मिला। बादलों के गडगड़ाहट के बीच उमस का माहौल और भी बढ़ गया। कहा जाने में आ रहा है कि जिले में कही-कही अच्छी बारिश हुई है। कवर्धा क्षेत्र में बिजली गिरने की खबर है।

### वातावरण में उतार-चढ़ाव

बता दे कि पिछले सप्ताह भर से वातावरण में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। कभी तेज धूप तो कभी बादलों का बसेरा दिखाई पड़ रहा था। आसमान में बादलों का डेटा होने से उमस बढ़ गई थी। इधर तेज धूप और गर्मी भी लोगों को हलाकान किए दे रहा था। इस बीच कभी-कभी हल्की बूंदा-बांदी हो जा रही थी लेकिन तापमान तीन-चार दिनों से 40 डिग्री के आसपास बना हुआ था। मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया था कि अभी दो-तीन दिनों तक गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने व वज्रपात होने की संभावना है।

### गरज-चमक के साथ बारिश

मौसम विभाग की माने तो अगले 24 घंटों के दौरान छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने लिए परिस्थिति या अनुकूल बन रही है। एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश के उपर स्थित चक्रवाती परिसंचरण से उत्तर-पश्चिम विहार, उप हिमालयी, पश्चिम बंगाल और दक्षिण असम होते हुए नागालैण्ड तक औसत समुद्र तल से 0.9 कि.मी. ऊपर स्थित है। इससे प्रदेश के एक-दो स्थानों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। आकाश बादलों से घिरा रहेगा। अधिकतम व न्यूनतम तापमान 42 सेटिग्रेड व 29 सेन्टीग्रेड आसपास रहेगी।

# मारगांव के ग्रामवासियों को जल जीवन मिशन के तहत मिला रहा शुद्ध पेयजल





- गांव के सभी घरों में मिला टेप नल कनेक्शन, समस्याओं से मिली मुक्ति
- ग्रामवासियों एवं महिलाओं ने जाहिर की खुशी

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजना जल जीवन मिशन से डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम मारगांव के ग्रामवासियों को घर-घर नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिल रहा है। ग्राम मारगांव के ग्रामवासियों एवं महिलाओं ने में खुशी जाहिर की है। जल जीवन मिशन के तहत गांव के सभी घरों में टेप नल कनेक्शन दिया गया है। जिससे पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। गांव की महिलाएं घर पर ही स्वच्छ जल मिलने से प्रसन्न है। पहले गांव की महिलाओं को पानी बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता था। बारिश के दिनों में बाहर से पानी लाने की समस्या, लंबी-लंबी कतार लगकर हैंडपंप तथा कुएँ से पानी भरना, समय अधिक लगने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। गर्मी के दिनों में जल स्तर नीचे चले जाने से कुओं का सूखना, हैण्डपंप बंद होना की समस्याएं आती थी। जिससे पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं हो पाता था। जल जीवन मिशन आने से गांव के सभी घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। जिससे महिलाओं का समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है।

जल जीवन मिशन योजना के तहत गांव में डिस्ट्रीब्यूशन 1990 मीटर एवं राइजिंग मेन 1993 मीटर की पाइप लाइन बिछाकर कुल 463 परिवारों को घर में नल से स्वच्छ जल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध किया जा रहा है। मारगांव के सरपंच डकेन्द्र चंद्राकर बताते हैं कि गांव के प्रत्येक घर में पर्याप्त मात्रा में सभी को नल से शुद्ध पानी मिल रहा है जिससे पूरे गांव में हर्ष का माहौल है। वार्ड नंबर 8 एवं 18 की निवासी भूमिका सिन्हा तथा फलटिन सिन्हा ने बताया की गाँव के प्रत्येक घर को नल और जल से जोडने् की योजना से गाँव का सूखा खत्म हुआ है। योजना अब द्रुतगति से आगे बढ़ी है, जिससे ग्रामवासी अब राहत की सांस लेने लगे हैं। वार्ड नंबर 18 की मंजू सिन्हा एवं लक्ष्मी यादव ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि गांव के लोगों को पहले काफी सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता था, जैसे पानी भरने के लिए समुचित व्यवस्था न होना, बोरिंग का बंद पड़ जाना, कुओं का सूख जाना जैसी समस्याओं से ग्रामीणों को आये दिन जूझना पड़ता था। पहले ग्रामीणों को पानी भरने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता था, कई बार रात्रि को पानी के लिए जाना, बरसात के दिनों में पानी के लिए कतार में खड़े रहना पड़ता था किन्तु जल जीवन मिशन अंतर्गत गांव के हर घर में टेप कनेक्शन मिलने से आज उनके समय की बचत हो रही है तथा वे आज सुरक्षित एवं गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस प्रकार मारगांव के ग्रामीणों का जीवन स्तर उन्नत हुआ है।

# पर्यावरण को लेकर भामसं का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर संजय अग्रवाल से मिला



राजनांदगांव (दावा)। जिले में बढ़ते प्रदूषण एवं इसके रोकथाम के उपाय करने को लेकर भारतीय मजदूर संघ का एक प्रतिनिधि मंडल पिछले दिनों जिलाधीश संजय अग्रवाल से मिलकर अपने सुझाव दिये व इस हेतु सह्योग करने की भी बात कहीं। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जिलाधीश को प्रस्तुत ज्ञापन में कहा गया कि पर्यावरण प्रदूषण की समस्या जिले या देश में ही नहीं पूरे विश्व में एक गंभीर समस्या बनी हुई है।

प्रदूषण के कारण नागरिकों को कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है, वर्तमान में पेड़ों की कटाई काफी बढ़ गई है, पर इसकी तुलना में वृक्षारोपण कम हो रहा है, जिस वजह से तापमान पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बढ़ गई है। सही प्रकार से जल संरक्षण न हो पाने के कारण भू-जल का स्तर नीचे जाने लगा है इससे कई स्थानों पर पानी की समस्या बढ़ने लगी है। भारतीय मजदूर संघ ज्ञापन के माध्यम से यह मांग करता है कि जिले में होने वाली सभी प्रकार के प्रदूषणों पर विशेष ध्यान देते हुये इसके रोकथाम के तत्काल उपाय किये जायें। वायु प्रदूषण पर विशेष ध्यान दिया जाये एवं इसे कम करने हेतु उचित उपाय किया जाये, नदीं व नालों के पानी को प्रदूषित होने से बचाने के लिये आवश्यक उपाय किये जाये। अनावश्यक पेड़ों की कटाई पर रोक लगाई जाये व वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दिया जाये। सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामानों की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाये। जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुये वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से वर्षा के जल को भू-जल में रिचार्ज करने की नियमानुसार व्यवस्था की जाये। शहर से निकलने वाले कचरों के प्रबंधन की उचित व्यवस्था की जाये तथा ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कड़ी कार्यवाही की जाये तथा ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग की गई।

प्रतिनिधि मंडल में भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख योगेश दत्त मिश्रा, सुदर्शन दास मानिकपुरी, नरेश कुमार साहू, गोपाल साहू, अल्का बारसागड़े, भारती शर्मा, धनेश्वरी साहू सहित अनेक लोग शामिल थे।

## अनमोल दावा

> सच्ची श्रद्धा और परमात्मा के प्रति समर्पण तब ही सफल माना जाता है, जब उसमें कोईब शंका न हो।

# कश्मीर में आतंकी दहशत की बुनियाद, अब सैलानियों को बनाया लक्ष्य

जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों पर अंकुश लगाना चुनौती बना हुआ है। हालांकि केंद्र सरकार का दावा है कि अनुच्छेद तीन सौ सत्तर हटने के बाद दहशतगर्दी में भारी कमी आई है और आतंकी संगठन कुछ इलाकों तक सिमट कर रह गए हैं। मगर लगातार कुछ-कुछ अंतराल पर जिस तरह आतंकी घात लगा कर हमले कर रहे हैं, उससे इस दावे पर यकीन करना मुश्किल लगता है। आतंकवादी लगातार अपनी रणनीति बदलते देखे जा रहे हैं। वे कभी सशस्त्र बलों को निशाना बनाते हैं, तो कभी बाहरियों, कश्मीरी पंडितों को लक्ष्य बनाया जाता है। अब वहां जा रहे सैलानियों पर हमले हो रहे हैं।

पिछले महीने पहलगाम में सैलानियों पर हमला किया गया था। अब कटरा जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक बस को निशाना बनाया गया, जिसके चलते बस खाई में गिर गई। इसमें नौ लोगों की मौत हो गई और इकतालीस से अधिक लोग घायल हैं। पर्यटन कश्मीरी लोगों की आजीविका का बड़ा आधार है। इस तरह के हमलों से पर्यटन पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे हमले नब्बे के दशक में बढ़ गए थे, मगर लंबे समय से सैलानियों को निशाना नहीं बनाया जा रहा था। अब ऐसा दिख रहा है तो इसकी वजहें भी साफ हैं।

पर्यटकों पर हमले के पीछे आतंकवादी संगठनों का मकसद घाटी में बाहर के लोगों की आवाजाही रोकना होता है। बाहरी मजदूरों और कश्मीरी पंडितों को लक्ष्य बना कर हमले करने के पीछे भी उनका मकसद यही है। मगर अब जिस तरह बड़ी संख्या में सैलानियों और श्रद्धालुओं को निशाना बनाया जा रहा है, उससे जाहिर है कि आतंकी लोगों में भय पैदा करना चाहते हैं। मगर इसे लेकर स्थानीय लोगों में किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दिख रही है, तो हैरानी की बात है, क्योंकि इससे उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ेगा। पिछले दस वर्षों में बेशक पत्थरबाजी और आंदोलन वगैरह की घटनाएं कम हुई हैं, आतंकी हमलों में मरने वालों की संख्या भी घटी है, मगर हकीकत यही है कि दहशतगर्दी किसी भी रूप में कम नहीं हुई है। दस वर्ष पहले और बाद के आंकड़ों की तुलना से साफ पता चलता है कि आतंकी हमले बढ़े हैं। इस दौरान बेशक बड़ी तादाद में आतंकवादी मारे गए हैं, मगर दहशतगर्दों की भर्ती में भी तेजी आई है। उन्हें स्थानीय लोगों का समर्थन बढ़ा है। इसलिए यह स्वाभाविक ही पूछा जा रहा है कि जब सीमा पर चौकसी बढ़ी है, तलाशी अभियान तेज हुए हैं, दहशतगर्दों की वित्तीय मदद पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, तो उन्हें भर्तियां करने और साजो-सामान जुटाने में कामयाबी कैसे मिल जा रही है।

पिछले दस वर्षों में जिस तरह सुरक्षाकर्मियों, सैलानियों, श्रद्धालुओं और बाहर से मजदूरी वगैरह करने गए लोगों को निशाना बना कर हत्याएं की गई हैं, उससे यह सवाल निरंतर गाढ़ा होता गया है कि आखिर यह सिलसिला कब रुकेगा। राष्ट्रीय जांच एजंसी की रपट के मुताबिक ऐसे हमलों में पाकिस्तान के प्रशिक्षत दहशतगर्दों का हाथ होता है, स्थानीय लोग उन्हें सूचनाएं उपलब्ध कराते हैं। अगर सीमा पर चौकसी सख्त की गई है, तो फिर सीमा पार से आतंकियों की घाटी में पैठ कैसे हो पा रही है। अगर खुफिया तंत्र पहले से चौकन्ना हुआ है, तो आतंकी कैसे सेना के काफिले पर हमला कर देते हैं और पहले ही उसकी भनक नहीं लग पाती। घाटी में आतंकवाद से निपटने के लिए नए सिरे से रणनीति बनाने की जरूरत है।

# बाल-श्रम की अंधी गलियों में बेहाल बचपन कब तक ?

-ललित गर्ग-



पूरी दुनिया में बाल श्रम एक ज्वलंत समस्या है, कैसा विरोधाभास है कि हमारा समाज, सरकार और राजनीतिज्ञ बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए नहीं थकते लेकिन क्या इस उम्र के लगभग 25 से 30 करोड़ बच्चों से बाल मजदूरी के जरिए उनका बचपन और उनसे पढने का अधिकार छीनने का यह सुनियोजित षड्यंत्र नहीं लगता? बचपन इतना डरावना एवं भयावह हो जायेगा, किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। आखिर क्या कारण है कि बचपन अपराध एवं बाल श्रम की अंधी गलियों में जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित क्यों हो रहा है? बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज और सरकार इतनी बेपरवाह कैसे हो गयी है? यह प्रश्न विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाते हुए हमें झकझोर रहे हैं। पूरी दुनिया में प्रत्येक वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की पहल अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने की थी, जिसका मकसद बाल श्रम को रोकना था। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 2024 की आधिकारिक थीम है- 'आइए अपनी प्रतिबद्धताओं पर कार्य करें-बाल श्रम समाप्त करें!' यह दिन जागरूकता बढ़ाने, परिवर्तन की वकालत करने तथा बाल श्रम से मुक्त भविष्य की दिशा में योगदान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है।

मालूम हो कि इसको मनाने के पीछे एक खास वजह यह थी कि बच्चों को मजदूरी न कराकर उनको स्कूलों की ओर शिक्षा के लिए प्रेरित किया जा सके। मालूम हो कि बाल श्रम लगातार एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है, जिसके कारण बच्चों का बचपन गर्त में जा रहा है और उनको अपना अधिकार नहीं मिल पा रहा है। उनका यह बचपन रूपी भविष्य आज बाल श्रम के कारण नशे, अपराध एवं जटिलताओं की दुनिया में धंसता चला जा रहा है। जब हम किसी गली, चौराहे, बाजार, सड़क और हाईवे से गुजरते हैं और किसी दुकान, कारखाने, रैस्टोरैंट या ढाबे पर 12-14 साल के बच्चे को टायर में हवा भरते, पंक्चर लगाते, चिमनी में मुंह से या नली में हवा फूंकते, जूठे बर्तन साफ करते, गारा उठाते, या खाना परोसते देखते हैं और जरा-सी भी कमी होने पर उसके मालिक से लेकर ग्राहक द्वारा गाली देने से लेकर, धकियाने, मारने-पीटने और दुर्व्यवहार होते देखते हैं तो अक्सर 'हमें क्या लेना है' या ज्यादा से ज्यादा मालिक से दबे शब्दों में उस मासूम पर थोड़ा रहम करने के लिए कहकर अपने रास्ते हो लेते हैं। लेकिन कब तक हम बचपन को इस तरह प्रताड़ित एवं उपेक्षा का शिकार होने देंगे।



विश्व बाल श्रम निषेध दिवस

बचपन से जुड़ी इस त्रासद एवं दुर्भाग्यपूर्ण स्थितियों पर नियंत्रण के लिये, बाल श्रम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और इसको पूरी तरह से समाप्त करने के लिए व्यक्ति, गैर सरकारी संगठन एवं सरकारी संगठनों को प्रेरित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, पिछले दो दशकों से पूरी दुनिया में बाल श्रम को कम करने के लिए लगातार पहल की जा रही है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों के दौरान संघर्षों, संकटों और कोरोना महामारी ने विश्व में कई परिवारों को गरीबी में धकेल दिया है, जिसके कारण लाखों बच्चों को बाल श्रम के लिए मजबूर होना पड़ा है। आज का बालक ही कल के समाज का सृजनहार बनेगा। बालक का नैतिक रूझान व अभिरूचि जैसी होगी निश्चित तौर पर भावी समाज भी वैसा ही बनेगा। आज दुनिया में 160 मिलियन बच्चे अभी भी बाल श्रम में लगे हुए हैं। यह दुनिया भर में लगभग दस में से एक बच्चा है। बाल श्रम के मामले में अफ्रीका सभी क्षेत्रों में सबसे ऊपर है। अफ्रीका और एशिया और प्रशांत क्षेत्र में दुनिया भर में बाल श्रम में लगे हर दस बच्चों में से लगभग नौ बच्चे बाल-श्रमिक हैं। शेष बाल श्रमिक आबादी अमेरिका (11 मिलियन), यूरोप और मध्य एशिया (6 मिलियन) और अरब राज्यों (1 मिलियन) में विभाजित है। जबकि बाल श्रम में बच्चों का प्रतिशत निम्न आय वाले देशों में सबसे अधिक है, वास्तव में उनकी संख्या मध्यम आय वाले देशों में अधिक है। निम्न-मध्यम आय वाले देशों में 9 प्रतिशत बच्चे और उच्च-मध्यम आय वाले देशों में 7 प्रतिशत बच्चे बाल श्रम में हैं।

पिछले कुछ वर्षों में बाल श्रम को कम करने में बहुत प्रगति हुई है, हाल के वर्षों में वैश्विक रुझान उलट गए हैं और अब पहले से कहीं अधिक यह महत्वपूर्ण है कि सभी रूपों में बाल श्रम को समाप्त करने की दिशा में कार्रवाई में तेजी लाने के लिए मिलकर काम किया जाए। 2022 में बाल श्रम के उन्मूलन पर 5वें वैश्विक सम्मेलन के बाद प्रतिनिधियों द्वारा अपनाई गई डरबन कॉल टू एक्शन रास्ता दिखाती है। अब बाल श्रम के उन्मूलन को वास्तविकता बनाने का समय आ गया है। मालूम हो कि बाल श्रम का प्रमुख कारण गरीबी है, जिसके कारण बच्चों को पढ़ाई छोड़कर मजबूरी में मजदूरी का रास्ता चुनना पड़ता है। हालांकि, कई बच्चों को अपराध रैकेट द्वारा बाल श्रम के लिए मजबूर किया जाता है। भारत की बात करें तो सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2 करोड़ और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार तो लगभग 5 करोड़ बच्चे बाल श्रमिक हैं।

इन बाल श्रमिकों में से 19 प्रतिशत के लगभग घरेलू नौकर हैं, ग्रामीण और असंगठित क्षेत्रों में तथा कृषि क्षेत्र से लगभग 80 प्रतिशत जुड़े हुए हैं। शेष अन्य क्षेत्रों में, बच्चों के अभिभावक ही बहुत थोड़े पैसों में उनको ऐसे ठेकेदारों के हाथ बेच देते हैं जो अपनी व्यवस्था के अनुसार उनको होटलों, कोठियों तथा अन्य कारखानों आदि में काम पर लगा देते हैं। उनके नियोक्ता बच्चों को थोड़ा सा खाना देकर मनमाना काम कराते हैं। 18 घंटे या उससे भी अधिक काम करना, आधे पेट भोजन और मनमाफिक काम न होने पर पिटाई यही उनका जीवन बन जाता है।

केवल घर का काम नहीं इन बालश्रमिकों को पटाखे बनाना, कालीन बुनना, वेल्डिंग करना, ताले बनाना, पीतल उद्योग में काम करना, कांच उद्योग, हीरा उद्योग, माचिस, बीढ़ी बनाना, खेतों में काम करना (बैल की तरह), कोयले की खानों में, पत्थर खदानों में, सीमेंट उद्योग, दवा उद्योग में तथा होटलों व ढाबों में झूठे बर्तन धोना आदि सभी काम मालिक की मर्जी के अनुसार करने होते हैं। इन समस्त कार्यों के अतिरिक्त कूड़ा बीनना, पोलीथिन की गंदी थैलियाँ चुनना, आदि अनेक कार्य हैं जहाँ ये बच्चे अपने बचपन को नहीं जीते, नरक भुगतते हैं परिवार का पेट पालते हैं। इनके बचपन के लिए न माँ की लोरियां हैं न पिता का दुलार, न खिलौने हैं, न स्कूल न बालदिवस। इनकी दुनिया सीमित है तो बस काम काम और काम, धीरे धीरे बीढ़ी के अधजले टुकड़े उठाकर धुआं उडाना, यौन शोषण को खेल मानना इनकी नियति बन जाती है। इन कमजोर नींवों पर हम कैसे एक सशक्त राष्ट्र की कल्पना कर सकते हैं? बच्चों को बचपन से ही आत्मनिर्भर बनाने के नाम पर हकीकत में हम उन्हें पैसा कमाकर लाने की मशीन बनाकर अंधकार में धकेल रहे हैं। बचपन बचाओ आंदोलन, चाइल्ड फंड, केयर इंडिया, तलाश एसोसिएशन, चाइल्ड राइट्स और ग्लोबल मार्च अगेंस्ट चाइल्ड लेबर आदि संस्थाओं ने बाल श्रम खत्म करने की दिशा में सार्थक पहल की है।

बाल मजदूरी से बच्चों का भविष्य अंधकार में जाता ही है, देश भी इससे अछूता नहीं रहता क्योंकि जो बच्चे काम करते हैं वे पढ़ाई-लिखाई से कोसों दूर हो जाते हैं और जब ये बच्चे शिक्षा ही नहीं लेंगे तो देश की बागडोर क्या खाक संभालेंगे? इस तरह एक स्वस्थ बाल मस्तिष्क विकृति की अंधेरी और संकरी गली में पहुँच जाता है और बाल-श्रमिक एवं अपराधी की श्रेणी में उसकी गिनती शुरू हो जाती हैं। ऐसा न हो इसके लिए आवश्यक है कि अभिभावकों और बच्चों के बीच बर्फ-सी जमी संवादहीनता एवं संवेदनशीलता को फिर से पिघलाया जाये। फिर से उनके बीच स्नेह, आत्मीयता और विश्वास का भरा-पूरा वातावरण पैदा किया जाए। सरकार को बच्चों से जुड़े कानूनों पर पुनर्विचार करना चाहिए एवं बच्चों के समुचित विकास के लिये योजनाएं बनानी चाहिए। ताकि इस बिगड़ते बचपन और भटकते राष्ट्र के नव पीढ़ी के कर्णधारों का भाग्य और भविष्य उज्ज्वल हो सकता है।

लेखक, पत्रकार एवं समाजसेवी
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92 मो. 9811051133

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 173 : गुरु वशिष्ठ से रानी कैकेई का मिलना, राजा दशरथ व अपने सभी पुत्रों की सुरक्षा की चिंता

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



महर्षि वशिष्ठ ने रानी कैकेई को समझाया, 'ज्योतिष के आकलन से आपको भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है रानी, क्योंकि मनुष्य अपने कर्म से अपना भाग्य बदल सकता है। प्रारब्ध एक सीमा तक ही मनुष्य के कर्मों को प्रभावित कर सकता है लेकिन उसके वर्तमान कर्म अधिक प्रभावी हैं। अतः आप निश्चिंत रहें। कुमार राम को युवराज पद देने का निर्णय सर्वथा उचित है और मेरी दृष्टि में इसमें कोई विघ्न बाधा उपस्थित नहीं होने वाली है।'

सांझ ढल रही है और रानी कैकेई के मन में अपने पुत्र भरत के भविष्य को लेकर भी चिंता है।राम, भरत के बड़े भाई हैं।अतः वे इस ओर से निश्चिंत हैं। उनकी उलझन का कारण ज्योतिषी द्वारा दिया गया परामर्श और श्रवण कुमार के पिता का श्राप है। महाराज दशरथ ने सभी आशंकाओं की उपेक्षा करते हुए कैकेय राज्य की राजकुमारी कैकई से विवाह किया था। श्रवण कुमार की मृत्यु का राजा दशरथ को गहरा पश्चाताप था।अपने शब्द भेदी बाण के निष्फल हो जाने और यह ज्ञात होने पर कि बाण एक मनुष्य को लगा है, राजा दशरथ वहां से पलायन भी कर सकते थे, लेकिन उन्होंने मानव धर्म निभाया था।वे घटनास्थल पर पहुंचे थे और वहां अपने हाथों एक मनुष्य की मृत्यु होते देख आत्मग्लानि से भर उठे थे।

सांझ ढल चुकी है और गुरु वशिष्ठ के आश्रम में निस्तब्धता है। विदाई के समय महर्षि वशिष्ठ ने रानी को समझाया : - 'आप निश्चिंत रहें। समूची अयोध्या नगरी उत्सव में डूबी है। आर्यावर्त के राज्यों में अयोध्या एक प्रमुख राज्य है और महाराज दशरथ ने अपने पौरुष से संपूर्ण मानवता की रक्षा का दायित्व ग्रहण किया हुआ है। मैं स्वयं अभिषेक स्थल में प्रातः उपस्थित रहूंगा और सारी प्रक्रियाओं को अपने संयोजन में संपन्न करवाऊंगा।'

रानी कैकेई के मुख पर मुस्कान आ गई और वे रथ की ओर बढ़ चलीं। सारथी ने रथ को अयोध्या की ओर तेजी से बढ़ाया। रानी चिंतन प्रक्रिया में ही उलझी थीं। उनके मन में अनेक तरह के विचार आ रहे थे।

'क्या मुझे कुमार राम का अभिषेक होने से रोक देना चाहिए?'

'क्या महाराज इस आयोजन को टाल नहीं सकते?'

'महाराज ने अचानक यह निर्णय क्यों ले लिया है?'

'अगर महाराज दशरथ के बाद अगला शासक 14 वर्षों तक असुरक्षित है, तो इस समारोह का औचित्य क्या?'

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -085


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 084 का हल



## सामयिक चर्चा

# अपने काम पर ध्यान दीजिए !

रसोई घर में खाली बैठी-बैठी
पार्वती बाई जब परेशान हो गई,
तो वह चिड़चिड़ाती हुई
बैठक कमरे में आई।
तो देखा बाजार जाना भूलकर
विभागों की सूची को अखबार से
बड़ी सावधानी से काट रहे है बानी भाई।
अब तो उनकी चिड़चिड़ाहट,
क्रोध में बदल गई।
एकदम भड़क गई।
'कुछ मालूम-आलूम है आपको
रसोई का क्या हाल है ?
न चाय है, न शक्कर हैं,
न सब्जी है, न आटा है, न दाल है।
ये मंत्री लोग सब अपने
विभाग का कामकाज देखेंगे, करेंगे।
आप अपनी घर-गृहस्थी का काम तो
ध्यान से कीजिए ?
बानी भाई अखबार, कैंची,
सूची बस अलमीरे में रखकर,
विनम्रता से बोले-
'सामान की लिस्ट के साथ,
मन्नू की माँ !
झोला दीजिए ।'



-गिरीश बख्शी

## लघुकथा

# माटी म सोना हावे

एक झन किसान राहे। जेकर दू झन बेटा राहे दोनों ह काम बूता म कामचोरी करय। अऊ दाई ददा ल पईसा कौड़ी बर गजब तंग करय। एक दिन वोकर ददा ह कथे। जाके खेत ल कोड़ो, उहिचे तो सोना गढ़े हे। बात ल सुनके दोनों भाई खेत ल कोड़ डारिस। अऊ पुछथे ददा इंहा कहां सोना हे। ददा किहिस, बेटा हो कोड़े हव तेमा बीज डारव। फेर किहिस करिया बादर ह बरसही त येमा पौध जागही। अऊ संझा बेरा पानी बरसीस। जेकर ले खेत म पौधा तियार होगे। फेर ददा ह किहिस अब ये कर निंदई, कोड़ई करव, रख रखाव करव। खातू पानी देव। तब बेटा आय म फसल लहराही। अऊ थोड़िक दिन म फसल तियार होगे। तब बेटा मन किहिस ये कहां सोना हरे। तब किसान किहिस अब येला काटो फेर मिजे तब बेटा मन वोसने बूता करिस। अऊ देखिस धान के ढेर लग गे। ददा किहिस येला गंज म लेग के बेच डारव। दोनो झन धान ल लेग के बेचिस। धान के बदला बैपारी ह पईसा ल दिस अऊ कथे अब तो हमर कना गजब अकन पईसा होगे। ददा ह किहिस अब ये रूपिया के तूमन मन मुताबिक जिनिस ले सकत हंव। सोना चांदी हीरा जेवरात जो चाहो बिसा सकत हव। बेटा मन खुश होके कथे ददा सहिच म खेत म सोना उपजथे। अब हमन दिन अऊ रात मेहनत करबो अऊ खेती कमा के ऊना दुना फसल उगाबो अऊ सुख ले जिन्दगी ल बिताबो। तभे तो कहु केहे हे.

*मोर देश के धरती सोना उगले।*
*उगले हीरा मोती। मोर देश के धरती।।*



आनंदराम साहू (सार्वा)
कु.बो.भाठागांव

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको किसी कार्य के प्रति की गई मेहनत के सकारात्मक परिणाम मिलने वाले हैं इसलिए ज्यादा से ज्यादा फोकस कार्यों पर रहे। किसी शुभचिंतक की मदद आपके लिए उम्मीद की किरण लेकर आएगी। इस राशि के छात्र अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सक्रिय और गंभीर रहेंगे।

**वृषभ** — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। जो लोग मीडिया के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, उनके कामों की आज प्रशंसा होगी। किसी खास व्यक्ति का सहयोग आपको मिलेगा। आज किसी मित्र की मदद से आपकी कोई समस्या हल होने वाली है। दिनचर्या को सुधारने का प्रयास काफी हद तक सफल रहेगा। आप सकारात्मक महसूस करेंगे।

**मिथुन** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। आज किसी वजह से आपके स्वभाव में सकारात्मक बदलाव आ सकता है। इस राशि के जो लोग नौकरी कर रहे हैं उनको आज फाइल या पेपर वर्क पूरा करने के लिए ओवर टाइम करना पड़ सकता है।

**कर्क** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज दूसरों की मदद और सहयोग में आपका योगदान बना रहेगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। किसी धार्मिक समारोह में जाने से लोगों के साथ मुलाकात होगी। इस राशि के छात्रों को अपने करियर से संबंधित कोई खुशखबरी मिलने के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आज घर के वरिष्ठ सदस्यो का मान-सम्मान बनाए रखेंगे तो सभी के चेहरे पर आपको खुशी देखने को मिलेगी। घर के रखरखाव संबंधी वस्तुओं की खरीददारी करते समय अपने बजट का भी ख्याल रखेंगे तो आपको भविष्य में कोई परेशानी नहीं होगी।

**कन्या** — आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रुचि पूर्ण कार्यों में बेहतरीन समय बीतेगा। घर में उचित व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कामयाब होगी। आज आपका आत्मविश्वास नई उम्मीद और आशाओं को फिर से जगायेगा। दूसरों के मामले में ज्यादा हस्तक्षेप करने से बचे। आज दांपत्य जीवन सुखद और प्रेम पूर्ण रहेगा।

**तुला** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज व्यवसायिक मामलों में कुछ बदलाव आएंगे। जल्दबाजी की बजाय सहज तरीके से समाधान निकालेंगे। आज ऑनलाइन गतिविधियों द्वारा नई-नई व्यवसायिक जानकारियां हासिल करेंगे। इस राशि के नौकरी कर रहे लोगों को खास जिम्मेदारी मिल सकती है।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज दिन की शुरुआत बेहतरीन रहने वाली है। किसी मित्र अथवा सहयोगी द्वारा फोन के माध्यम से कोई महत्वपूर्ण सूचना मिलेगी, जिससे आप प्रसन्नता महसूस करेंगे। पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाने में आपका विशेष योगदान रहेगा। आज लवमेट के रिश्ते में उचित सामंजस्य बना रहेगा।

**धनु** — आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। जल्द ही कुछ नई जिम्मेदारियां आपको मिलेंगी, जिनको आप अच्छी तरह से निभाएंगे। आज आपकी कई तरह की गतिविधियो में व्यस्तता रहेगी। आपका कर्म प्रधान होना आपके भाग्य को और अधिक मजबूत कर रहा है। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है।

**मकर** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कुछ नई बातें सीखने को मिलेंगी। अच्छे लोगों से मेल मिलाप एक नई ऊर्जा प्रवाहित करेगा। आज किसी रुके हुये कार्य को पूरा करने का प्लान बनाने में सफल होंगे। इस राशि के स्पोर्ट्स से जुड़े विद्यार्थियों के लिए लाभदायक अवसर के योग बन रहे हैं ।

**कुंभ** — आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर पर अचानक कोई रिश्तेदार आ सकते हैं, जिससे घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव आयेंगे। अन्य गतिविधियों में व्यस्त रहने के साथ-साथ अपने व्यक्तिगत कार्यों पर भी ध्यान दें। प्रॉपर्टी लेने से संबंधित योजना बनायेंगे। आज आपको किसी भी वाद-विवाद से बचने की जरूरत है।

**मीन** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आप भावुकता में कोई भी निर्णय लेने से बचे। धैर्य और संयम बनाकर रखेंगे तो जल्द ही सब ठीक भी होगा। इस राशि के जो लोग अविवाहित है आज उन लोगों के लिए खुशखबरी आने के योग बन रहे हैं। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे।

# प्राथमिक शिक्षा में बच्चों की बुनियाद को मजबूत करने एफएलएन प्रशिक्षण का आयोजन



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। विकासखंड अंबागढ़ चौकी में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रायपुर के निर्देशन में साथ ही डाइट खैरागढ़ के मार्गदर्शन में एफ. एल. एन. प्रशिक्षण का प्रथम चरण आयोजन विकासखंड को तीन ज़ोन में विभाजित कर किया जा रहा है। जिसमें प्रथम ज़ोन अंबागढ़ चौकी है। शास. बालक उ.मा.विद्यालय, मेरेगांव अंबागढ़ चौकी के हाल में ज़ोन के सभी 12 संकुल से सभी प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा पहली से तीसरी पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जहाँ वर्तमान ग्रीष्मकाल की भीषण गर्मी को देखते हुए पर्याप्त कूलर, पानी की व्यवस्था की गयी है। जिसमें कुल 70 शिक्षक शामिल हो रहे हैं। मास्टर ट्रेनर की भूमिका में डाइट खैरागढ़ से प्रशिक्षण प्राप्त करने महेंद्र चंदेले, पवन सोरी, लेखराम ठाकुर हैं। साथ ही व्यवस्थापक संकुल समन्वयक नितेश ठाकुर लगे हुए हैं। इसी प्रकार द्वितीय ज़ोन चिल्हाटी में यह प्रशिक्षण शास.उ.मा. विद्यालय, चिल्हाटी में आयोजित है। यहाँ कुल 70 शिक्षक प्रतिभागी हैं। जिसमें मास्टर ट्रेनर सुरेंद्र पटेल, प्रेम किशन साहू, भारती उमरे नंदेश्वर और व्यवस्थापक संकुल समन्वयक नरेश साहू अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

तृतीय ज़ोन कौड़ीकसा में भी बेहतर व्यवस्था के साथ शास.उ.मा विद्यालय कौड़ीकसा में 60 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण बुनियाद गढ़ने की दक्षता को स्पस्ट करने गतिविधि आधारित है जिसमें हिंदी भाषा, गणित भाषा पर 4 ब्लॉक मॉडल की बेहतर समझ को प्रदर्शित करना, मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जादुई पिटारा, बहुभाषा शिक्षण, बहुकक्ष शिक्षण, आदि को लेकर सभी मास्टर ट्रेनर शिक्षकों को समक्ष बिठाकर धरातल पर कार्य करने हेतु दक्ष करेंगे। प्रशिक्षण की तिथि 10 जून से 13 जून तक निश्चित की गयी है। इस पूरे प्रशिक्षण पर शिक्षा विभाग से विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्याम कुमार धीवर, खंड स्त्रोत समन्वयक संतोष पांडे सतत भ्रमण कर अवलोकन किया जा रहा है। विद्यालय प्रारंभ के पूर्व की जाने वाली तैयारियों पर भी दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं। उपरोक्त जानकारी एफ.एल.एन. के विकासखंड प्रभारी मनोज कुमार चंद्रवंशी ने दी।

# तसकीन का एमबीबीएस में हुआ चयन, बधाई देने वालों का लगा तांता

गंडई पंडरिया (दावा)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा एमबीबीएस डॉटर के लिए नीट की परीक्षा पूरे भारत वर्ष में गत 5 मई को आयोजित किया गया था। जिसका रिज़ल्ट एनटीए ने विगत 4 जून मंगलवार को घोषित किया है। नीट एग्जाम की इस कठिन प्रतिस्पर्धा में गंडई नगर वार्ड नं. 09 की बेटी तसकीन फातिमा शेख ने शानदार सफलता प्राप्त करते हुए 720 के पूर्णांक में 586 अंक अर्जित कर एमबीबीएस के लिए चयन हुआ है।

**कड़ी मेहनत और लगन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है - तसकीन फातिमा शेख**



नीट स्कोर एवं रैंक के हिसाब से अच्छे गवर्नमेंट मेडिकल कालेज मिलने की संभावना जताई जा रही है। तसकीन शेख भविष्य में गायनकोलॉजिस्ट (स्त्री रोग विशेषज्ञ) बनकर ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देने की इच्छा जाहिर की है। ज्ञात हो कि तसकीन की प्रारंभिक शिक्षा गंडई अजीज पब्लिक स्कूल एवं ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल से हुई। तसकीन शुरू से ही मेघावी रही है। 10वीं सीबीएसई पैटर्न अभ्युदय स्कूल कवर्धा से 92 प्रतिशत अंकों के साथ शानदार सफलता प्राप्त की थी उसी प्रकार बारहवीं विज्ञान संकाय में इसी वर्ष में 87.2 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। अभ्युदय स्कूल कवर्धा में तसकीन को उसकी बेहतरीन मंच संचालन के लिए जाने जाते है।

ज्ञात हो कि 12वीं की पढ़ाई के साथ-साथ डॉक्टर बनने की लक्ष्य रखकर आनलाइन कोचिंग घर पर ही प्रारंभ कर दी थी, तसकीन ने कहा की मेरी नीट की जर्नी काफी संघर्ष भरा रहा। सुबह 6 से शाम 4 बजे तक दिन भर का समय स्कूल में निकल जाता था। जबकि नीट क्रैक करने के लिए रोजाना 7 से 8 घंटे की पढ़ाई जरूरी है। फिर भी मैंने अपने लक्ष्य को केंद्रित कर लगन सच्चे मन के साथ कड़ी मेहनत की और अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। आगे उन्होंने कहा कि जिला बनने के बाद गंडई नगर के विकास में प्रमुखता से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रयास होने चाहिए। जिससे आसपास क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए भटकना न पड़े। पहली ही अटेम्प्ट में बड़ी सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं गुरुजनों को दिया है। तसकीन शेख वार्ड नं. 9 गंडई निवासी शिक्षक दंपत्ति शेख कलीम और निकहत शेख की सुपुत्री है।

इस शानदार सफलता पर नगर पंचायत गंडई के उपाध्यक्ष जाबिद खान, ताजू खान गोरी, हबीब खान, इशहाक खान, मुस्ताक अली, युसूफ खान, मोहम्मद खान, एडवोकेट अय्यूब कुरैशी, शिक्षक दुर्जन राम जघेल, कौशल राजपूत, विनिता राजपूत, प्रभाकर जघेल, शेषनारायण साहू ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# पहला कॉलम...

## पद्म पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

रायपुर (दावा)। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा साहित्य, संस्कृति एवं कला आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं योगदान के लिए दिए जाने वाले पद्म पुरस्कार वर्ष-2025 हेतु 'पद्म विभूषण', 'पद्म भूषण' तथा 'पद्म श्री' पुरस्कारों के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। पद्म पुरस्कार श्रृंखला के अन्तर्गत उक्त क्षेत्रों में दिए जाने वाले पुरस्कारों के लिए योग्य एवं पात्र व्यक्तियों के नामांकन की जानकारी प्रस्तुत करने हेतु ऑनलाईन https://awards.gov.in के माध्यम से 15 सितम्बर तक एवं निर्धारित प्रपत्र में स्पष्ट पूर्ण रूप से भरे गए प्रस्ताव सहित आवेदन पत्र दिनांक 25 अगस्त तक संचालक, संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा, सेक्टर-27, नवा रायपुर अटल नगर, छ.ग. को प्रेषित किया जा सकता है।

## ग्राम घुमका के मनरेगा श्रमिकों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प



राजनांदगांव (दावा)। जिले में मिशन जल रक्षा अंतर्गत हर घर जल योजना एवं जल संरक्षण के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में विभिन्न विभागों द्वारा जल संरक्षण हेतु लगातार कार्य किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम घुमका में मिशन जल रक्षा अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मनरेगा के तहत कार्यरत मजदूरों को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा सहयोगी संस्था नवचेतन जन कल्याण एवं महिला उत्थान समिति द्वारा जल संरक्षण के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई और गिरते भूमिगत जल स्तर को कम करने एवं बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों को पानी को व्यर्थ बर्बाद नहीं करने और अमूल्य जल के संचय का संदेश दिया गया। घर से निकलने वाले जल को व्यर्थ नहीं करते हुए अपने अपने घरों में किचन गार्डन और सोख्ता गड्ढा बनाकर जल संरक्षण में अपना योगदान देने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान श्रमिकों को जल संरक्षण के लिए जागरूक करते हुए सदैव जल संरक्षण एवं दूसरों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर घुमका सरपंच श्रीमती फुलमती वर्मा, पंच मीना यादव, भागवती मरावी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कर्मचारी, सभी जिला समन्वयक, सहयोगी संस्था नवचेतन जन कल्याण के कर्मचारी उपस्थित थे।

## धनराज साहू के परिवार ने निधन उपरांत किया देहदान



राजनांदगांव (दावा)। राधास्वामी सत्संग में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने वाले कोटरासरार निवासी धनराज साहू का विगत दिनों निधन हो गया। निधन के पश्चात उनके परिवार ने उनकी इच्छा के अनुरूप मेडिकल कॉलेज में अंगदान करने की सहमति प्रदान कर की, जिस पर उनके पुत्र कीर्तिराज साहू एवं राधास्वामी सत्संग के सेवादारों ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर देहदान की औपचारिकताएं पूरी करते हुए मेडिकल कॉलेज को देह सौंपते हुए धनराज साहू की प्रशंसा करते हुए कहा कि जीते जी भी उन्होंने सत्संग कर्ता के रूप में सभी की सेवा की और देह की मृत्यु उपरांत भी अपना देहदान करके कई लोगों को फायदा पहुंचाया है।

इस अवसर पर टिकेश साहू नानक साहू, राकेश साहू, पुनेंद्रु साहू, नरेश साहू, राजेश साहू, महेंद्र साहू, दुर्गा सिंग ठाकुर साहब, गुरमुखदास वाधवा, भोजराज बजाज, मुरली फगवानी, विजय गंगवानी, घनश्यामदास गंगवानी, अशोक मोतीरमानी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## दिग्विजय कॉलेज के पास पौधारोपण किया गया



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी मित्र मंडल द्वारा दिग्विजय कॉलेज के पास पौधारोपण किया गया। इसके संरक्षण की जिम्मेदारी अरुणेश झा द्वारा ली गई। इस दौरान मित्र मंडल के सदस्य हरिओम शर्मा, अरुणेश झा, इंद्रदीप सेन, बृजेश कुमार, चिंटू सोनकर आदि मौजूद रहे।

# डोंगरगढ़ शहर में बायपास रोड की अत्यंत आवश्यकता- भंडारी



**डॉ. रमन से मोनू भंडारी के नेतृत्व में मिला प्रतिनिधिमंडल**

डोंगरगढ़(दावा)। शहर में आए दिन बड़ी गाड़ियों के शहर के बीचो-बीच बेपरवाह तरीके से चलने के कारण डोंगरगढ़ शहर दुर्घटनाओं का शहर बनता जा रहा है। जिसके चलते आम जनता का सड़को पर निकलना खतरे से खाली नही रहा। मध्यप्रदेश महाराष्ट्र सीमा के सटे होने के कारण अक्सर देखा गया है कि, बड़ी गाड़ियां अपना टोल टैक्स व दूरी कम करने के चलते दोनों राज्यों की ओर जाने वाली गाड़ियाँ शहर के बीचों बीच से बेपरवाह तरीके से दिन रात निकलती है।

खास कर खैरागढ़ रोड से लेकर पुराना कॉलेज तक आम लोगों का लगातार आना जाना बना रहता है। इन मार्गो से सभी गाड़ियों से लगातार धूल उड़ाते शहर की परवाह किये बिना अक्सर सरपट दौड़ते देखा जा रहा है। ज्ञात हो इन मार्गो पर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र केंद्रीय राज्यों के विद्यालयों अनेकों कोचिंग सेंटर का संचालन हो रहा है जिनमें रोजाना स्कूली छात्र छात्राओं का आना-जाना बना रहता है। पूर्वती सरकार में भी कई बार बायपास की मांग शहर की जनता द्वारा की जा चुकी है। जिस पर अब तक सिर्फ आश्वासन ही प्राप्त हो पाया था।

**भाजपा की सरकार बनते ही आम जनों की अपेक्षाएं बड़ी**

जब से राज्य एवं केंद्र में भाजपा की आम जनता की हितकारी सरकार बनी है लोगों में यह उम्मीद जाग चुकी है कि अब डोंगरगढ़ में जल्द ही बायपास निर्माण हो सकेगा। उसी कडी में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव से मार्गदर्शन प्राप्त कर भाजपा नेता विवेक मोनू भंडारी ने सारा विषय प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के समक्ष रखा। जिस पर विषय की गंभीरता जान कर जल्द ही संबंधित अधिकारियों से चर्चा करने की बात कही।

# एफएलएन का शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव ब्लॉक के सभी प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों को फाउंडेशन लिटरेसी एंड न्यूमरेसी (एफएलएन) का प्रशिक्षण स्थानीय आत्मानंद स्कूल के प्रशिक्षण कक्ष में दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 10 से 13 जून तक आयोजित होगा। जिसमें डोंगरगांव जोन के 65 शिक्षक प्रशिक्षण ले रहे हैं।

बता दें कि एफएलएन के जरिए शिक्षकों को यह बताया जा रहा है कि बच्चों को खेल-खेल में कठिन विषयों को रुचिकर बनाकर कैसे पढ़ाया जाए। एफएलएन के मास्टर ट्रेनर के रूप में कोनिका सोनी एवं थानेंद्र साहू डीआरजी व सहायक के रूप संकुल समन्वयक राहुल जैन के द्वारा बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के तहत भाषाई कौशल एवं संख्या ज्ञान का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं प्रशिक्षण में शिक्षकों को प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को हिंदी एवं गणित विषय को खेल-खेले व गीत कविता के माध्यम सरल तरीके से पढ़ने व सिखाने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी दौरान

**डीईओ व डीएमसी आकस्मिक निरीक्षण के लिए पहुंचे**

11 जून मंगलवार को जिला शिक्षा आधिकारी अभय जयसवाल, डीएमसी सतीश व्यवहारे, बीईओ आर एल पात्रे, एबीइओ जयंत साहू, रश्मि ठाकुर, क्षितिज सोरी सहित संकुल समन्वयक डामन साहू व देवेंद्र कुमार साहू उपस्थित रहे। वहीं डीईओ श्री जयसवाल ने कहा कि एफएलएन का प्रशिक्षण सभी शिक्षकों के लिए अनिवार्य है, जिसके माध्यम से शिक्षक बच्चों को सरल और रुचिकर तरीके से पढ़ाई करा सकते हैं। साथ ही बताया कि एफएलएन के उद्देश्य के अनुसार 2026 तक बच्चों में भाषाई कौशल और संख्या ज्ञान में दक्ष करना है। इसके लिए सभी शिक्षकों को प्रशिक्षित होना अनिवार्य है।

# सरस्वती शिशु मंदिर गंडई में सात दिवसीय नवीन आचार्य संकल्पना वर्ग का शुभारंभ




गंडई पंडरिया (दावा)। सरस्वती शिक्षा संस्थान की योजनानुसार दुर्ग व राजनांदगांव विभाग का सात दिवसीय नवीन आचार्य संकल्पना वर्ग प्रशिक्षण 09 जून सायं से सरस्वती शिशु मंदिर गंडई प्रांगण में प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 09 जून से 15 जून तक आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि बद्रीनाथ केशरवानी प्रांतीय सदस्य सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर, विशिष्ठ अतिथि डॉ. पी.सी लाल यादव साहित्यकार व राजेश ताम्रकार जिला प्रतिनिधि राजनांदगांव, कार्यक्रम की अध्यक्षता मातेश्वरी गंगई शिक्षा समिति के अध्यक्ष हुकुम सिंह यादव तथा वर्ग संयोजक के रुप में हेमू सोनी व्यवस्थापक, ज्ञानचंद जैन सदस्य, प्राचार्य बलराम सिंह ठाकुर उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती, पवित्र व भारतमाता के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। सभी अतिथियों का परिचय विभाग समन्वयक दीपक सोनी ने किया। तत्पश्चात बद्रीनाथ केशरवानी ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा डॉ. पीसी लाल यादव ने भी आशीर्वचन प्रदान किए।

इस प्रशिक्षण वर्ग में दुर्ग व राजनांदगांव विभाग से 14 पुरुष व 49 महिला सम्मिलित हो रहे हैं। प्रशिक्षण वर्ग में प्रातः 5 बजे से जागरण के पश्चात रात्रि 10 बजे तक विभिन्न कालखंडो के माध्यम से अनेक पदाधिकारियों का मार्गदर्शन एवं सानिध्य प्राप्त होगा।

प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने के लिए दुर्ग विभाग समन्वयक दीपक सोनी, शिक्षक के रूप में वीर सिंह यादव, कृत कुमार साहू, धनऊ राम पटेल, दीपक यादव, जागेश्वर निषाद, कुमारी सहेबिन मानिकपुरी, रीमा देवांगन, किरण साहू सहित विद्यालय समिति सदस्य, आचार्य परिवार लगे हुए है।

# अटल बाजार में खुलेआम रसोई गैस टंकी का खेल खेला जा रहा कभी भी हादसा होने संभावना



टेड़ेसरा (दावा)। क्षेत्र के टेड़ेसरा अटल बाजार परिसर में खुलेआम घरेलू रसोई गैस टंकी का खेल खेला जा रहा है। यह चौक काफी चहल-पहल एवं व्यस्त रहता है। इसी अटल बाजार चंद पैसों की कमाई के लिए जान जोखिम में लेकर लोगों को जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। टेडेसरा के आस-पास के होटल एवं ठेला खोमचे में भी खुले आम घरेलू रसोई गैस का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। जबकि होटल ठेला खोमचे में कमर्शियल गैस सिलेंडर का उपयोग किया जाना चाहिए। लेकिन स्थानीय शासन प्रशासन की सुस्ती के चलते ठेला खोमचे के लोगों के द्वारा खुलेआम अवैध तरीका घरेलू रसोई गैस का उपयोग किया जा रहा है। स्थानीय शासन प्रशासन कड़ाई से ग्रामीण क्षेत्र में दौरा करते हुए कार्यवाही किया जाना चाहिए। जिससे घरेलू गैस का उपयोग में तरीका से ना हो पाए। एवं लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ न हो। उसके लिए खाद्य विभाग को तुरंत संज्ञान लिया जान चाहिए। जिससे किसी प्रकार का घटना ना हो सकें।

# हरियाली वृक्षावली का संरक्षण संवर्धन प्राथमिक आवश्यकता - के.के. द्विवेदी



राजनांदगांव (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस के अतीव महत्तम परिप्रेक्ष्य में संस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के प्रमुख संरक्षण में तथा डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी के मुख्य संयोजन में पर्यावरण संरक्षण संवर्धन संदेश विमर्श आयोजित हुआ। सर्वप्रथम डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने कहा कि चतुर्दिक बढ़ते पर्यावरण संकट एवं स्वच्छ पेयजल की कमी में तथा बढ़ते तापमान पर सहज-सार्थक नियंत्रण के लिए हरियाली-वृक्षावली का संरक्षण-संवर्धन आज प्राथमिक आवश्यकता बन गई है। विशेष रूप से देश-धरती के वन प्रांतों की सुरक्षा हर हाल में करनी होगी। सिकुड़ते वनक्षेत्र और जंगलों में फैलती आगजनी को रोकना ही होगा और इसके लिए सर्वजन-जन को जागरूक होकर अपनी दैनिकचर्या में हरियाली-जल-मिट्टी-वायु जैसे प्रमुख पर्या तत्वों को संरक्षरित संवर्धित करने के लिए नित्य पहल करनी ही होगी। वैसे भी प्रकृति पर्यावरण संरक्षण संवर्धन का मूल-सूत्र है, वन है तो जल है और जल है तो जीवन है और जीवन की खुशहाली-समृद्धि के लिए प्राकृतिक पर्या तत्वों जल-मिट्टी-वायु-अग्नि (तापमान) एवं आकाश को मूलतः शुद्ध स्वरूप में होना आवश्यक होता है। इसके लिए जन-जन ही सहज-सार्थक पहल कर सकते हैं और फैलते प्रदूषण को रोक सकते हैं। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित प्रो. एम.के. मेश्राम, रमन साहू, बी.एल. देवांगन एवं राहुल मेश्राम के द्वारा पर्यावरण बचाने के लिए फलदार और हरियाली वाले पौधरोपण के लिए संकल्प लिया गया तथा पर्यावरण संरक्षण संबंधी नारों-संदेश का उद्घोष किया गया।

# वैष्णव राष्ट्रीय कार्यकारिणी में लाल जे.के. वैष्णव का सम्मान



खैरागढ़ (दावा)। अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवासंघ मुम्बई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक 9 जून रविवार को सूरत गुजरात में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम भगवान लक्ष्मीनारायण की पूजा अर्चना स्तुति से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। राष्ट्रीय महासचिव ओ.पी. बैरागी ने कार्यकारिणी बैठक में पिछले अधिवेशन प्रोसिडिंग का वाचन एवं पुष्टि, आय व्यय का ब्यौरा, आगामी कार्यक्रम का प्रस्ताव में सर्वानुमति से अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ में वैष्णव समाज संगठन में सक्रियता लाने समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे के वैष्णव का मोमेंट प्रतीक चिन्ह, पुष्पगुच्छ भेंट कर राष्ट्रीय महासचिव ओ.पी. बैरागी इन्दौर ने सम्मानित किया। वैष्णव समाज में रचनात्मक कार्यक्रम आयोजन, सामूहिक उपनयन जनेऊ संस्कार आदि कार्यक्रम आयोजन की प्रशंसा करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे के वैष्णव ने सभी पदाधिकारियों से सदस्यता अभियान में सक्रियता लाने से संगठन में मजबूती बनाने की अपील की। राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णुदत्त कोटा राजस्थान ने सूरत में सफल कार्यक्रम आयोजन पर बधाई देते हुए सेवासंघ की सेवा भावना से अवगत करते हुए वैष्णव समाज के कमजोर लोगों को चेक के माध्यम से सहायता करने की बात कही। कार्यक्रम संचालन भुवनेश वैष्णव ने किया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल वैष्णव एवं प्रभुलाल बैरागी भोपाल, गीता निमावत राजकोट महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष, गोपाल वैष्णव पूर्व मीडिया प्रभारी, दशरथ शर्मा, मनोहर बैरागी, कमल बैरागी, गुड्डा, योगेश, अनिल देवमुरार, गिरधर वैष्णव, नरेश वैद्य, महेशचंद्र शर्मा, चान्दनी बैरागी महासचिव, नीलिमा बैरागी, लतारानी वैष्णव, निशा शर्मा, श्रेया वैष्णव, अंजना अग्रावत, विद्या वैष्णव सहित देश भर के विभिन्न प्रदेशों से आए वैष्णवजन शामिल रहे। कार्यक्रम सफल आयोजन में सूरत वैष्णव सेवासंघ के सुनील रामावत, रामेश्वर वैष्णव, बद्रीप्रसाद अग्रावत, गजानन्द रामावत, कैलाश वैष्णव आदि रहे एवं आभार प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ से वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे के वैष्णव को गौ सेवा प्रभु सेवा से सम्मान करने पर छ.ग. वैष्णव समाज सेवासंघ के पदाधिकारियों सदस्यों ने बधाई शुभकामनाएं दी।

# पहला कॉलम...

## मलावी के उपराष्ट्रपति समेत 9 लोगों की विमान हादसे में मौत



जोहान्सबर्ग। मलावी के उपराष्ट्रपति सौलोस क्लॉस चिलिमा की एक विमान हादसे में मौत हो गई। इसकी जानकारी खुद मलावी के राष्ट्रपति लाजर चकवेरा ने मंगलवार को राष्ट्र के नाम एक संबोधन के दौरान दी। उन्होंने कहा कि मलावी के उपराष्ट्रपति सौलोस क्लॉस चिलिमा को ले जा रहे विमान में सवार सभी लोग मारे गए हैं, जो सोमवार को लापता हो गए थे। (इनपुट- रायटर्स)

## सस्ते हुए सोना-चांदी




नईदिल्ली। सोने चांदी के वायदा कारोबार में आज सुस्ती देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव आज गिरावट के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 71,200 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 88,800 हजार रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। हालांकि बाद में दोनों के वायदा भाव में नरमी देखी जाने लगी।

सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट आज 187 रुपये की गिरावट के साथ 71,251 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 264 रुपये की गिरावट के साथ 71,174 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 71,279 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 71,072 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने पिछले महीने 74,442 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

## सिख समाज का मजाक बनाने पर पाक प्लेयर ने मांगी माफी

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान दोनों ही दोनों में क्रिकेट बहुत ही लोकप्रिय है। भारत में क्रिकेट को एक धर्म माना जाता है। जब भी दोनों देशों के बीच क्रिकेट मैच होता है, तो फैंस बहुत ही ज्यादा उत्साहित होते हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम ने पाकिस्तानी टीम को 6 रनों से हरा दिया। इस मैच पर चर्चा करते हुए पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी कामरान अकमल ने अर्शदीप सिंह को लेकर सिख समाज का मजाक उड़ाया, जिसके बाद हरभजन सिंह उन पर गुस्सा हुए हैं। कामरान अकमल के बयान पर भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने लताड़ लगाई है। इस पर हरभजन सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि लाख दी लानत तेरे कामरान अकमल। आपको अपना गंदा मुंह खोलने से पहले सिखों का इतिहास जानना चाहिए। हम सिखों ने आपकी माताओं और बहनों को बचाया था जब उन्हें आक्रमणकारियों ने अगवा किया था। उस समय हमेशा 12 बजे का था। शर्म आनी चाहिए... थोड़ा आभार व्यक्त करें। अमेरिका की तरफ से खेलने वाले जसकरन मल्होत्रा ने भी कामरान अकमाल को जमकर खरी-खोटी सुनाई है। कामरान अकमल को अपने बयान को लेकर खूब आलोचना झेलनी पड़ी। इसके बाद उन्होंने माफी मांगी है।

## रूस का एसयू-34 बमवर्षक विमान क्रैश



नई दिल्ली। रूस का एसयू-34 बमवर्षक विमान रेगुलर ट्रेनिंग के दौरान काकेशस पर्वतों में दुर्घटना का शिकार हो गया है। रूसी मीडिया के हवाले से रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। माना जा रहा है कि यह दुर्घटना तकनीकी खराबी के रहते हुई होगी। विमान में सवार चालक दल के सभी सदस्य मारे गए हैं। यूक्रेन के साथ जारी युद्ध के दौरान इस खबर के कुछ और भी पहलू हो सकते हैं, फिलहाल इस तरह की जानकारी साझा नहीं की गई है।

रूस की सरकारी समाचार एजेंसी ऋद्ब ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया कि उत्तरी ओसेशिया-अलानिया के पहाड़ी क्षेत्र में रूसी एयरोस्पेस बलों का एक स्न्न-34 विमान एक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। विमान एक सुनसान इलाके में जाकर गिरा है और किसी को भी बचाया नहीं जा सका है। हालांकि अभी ये नहीं पता चल सका है कि विमान में कितने लोग सवार थे। हादसे की जांच जारी है। एक दिन पहले ही फिनलैंड के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा था कि सोमवार को एक रूसी सैन्य विमान ने फिनलैंड की हवाई सीमा का उल्लंघन किया है, जो नॉर्डिक की बॉर्डर के अंदर लगभग 2.5 किमीतक उड़ रहा था।

# पाकिस्तान की सात विकेट से जीत, सुपर-8 में पहुंचने की उम्मीदें बरकरार, बाबर-रिजवान ने मचाया धमाल

न्यूयॉर्क। टी20 विश्व कप 2024 का 22वां मुकाबला पाकिस्तान ने कनाडा के खिलाफ सात विकेट से जीतकर खुद को सुपर-8 की दौड़ में बरकरार रखा है। इस जीत के साथ बाबर आजम की टीम के नेट रनरेट में सुधार हुआ है। अब उनका नेट रनरेट +0.191 हो गया है। वहीं, टीम दो अंकों के साथ तीसरे पायदान पर पहुंच गई है। पाकिस्तान को अपना अगला मैच आयरलैंड के खिलाफ खेलना है।



16 जून को यह मुकाबला लॉडरहिल में खेला जाएगा जिसमें पाकिस्तान को बड़े अंतर से हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। अंक तालिका में शीर्ष पर चार अंकों के साथ भारत बना हुआ है। वहीं, अमेरिका चार अंकों के साथ दूसरे पायदान पर है।

न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में कनाडा ने आरोन जोन्स की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में सात विकेट पर 106 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान ने मोहम्मद रिजवान की 53 रनों की नाबाद पारी की बदौलत 17.3 ओवर में तीन विकेट पर 107 रन बनाए। पाकिस्तान की यह मौजूदा टूर्नामेंट में पहली जीत है।

### पाकिस्तान की पारी

107 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान को पहला झटका 20 रन के स्कोर पर लगा। सईम अयूब को हेलाइगर ने पांचवें ओवर की दूसरी गेंद पर मोव्वा के हाथों कैच आउट कराया। वह सिर्फ छह रन बना सके। न्यूयॉर्क की धीमी पिच पर बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान के बीच शानदार साझेदारी हुई। दोनों ने 62 गेंदों का सामना किया और 63 रनों की साझेदारी निभाई। हेलाइगर ने बाबर को 15वें ओवर में अपना शिकार बनाया। वह 33 गेंदों में 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस मैच में फखर जमां चार और उस्मान खान दो रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, मोहम्मद रिजवान ने 53 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली। इस दौरान उन्होंने दो चौके और एक छक्का लगाया। कनाडा के लिए डिलों हेलाइगर ने दो और जेरेमी गोर्डोन ने एक विकेट चटकाया।

### कनाडा की पारी

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कनाडा की टीम को पाकिस्तानी गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करते देखा गया। इस मैच में आरोन जॉनसन के अलावा कनाडा का कोई भी बल्लेबाज नहीं चला। उन्होंने 44 गेंदों में 52 रनों की दमदार पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से चार चौके और इतने ही छक्के निकले। इस मैच में नवनीत ने चार, परगट ने दो, निकोलस ने एक, श्रेयस ने दो, रविंदरपाल ने शून्य, साद बिन जफर ने 10 रन बनाए। वहीं, कलीम सना 13 और डिलों हेलाइगर नौ रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान के लिए मोहम्मद आमिर और हारिस रऊफ ने दो-दो विकेट चटकाए।

# पेरिस 2024: रोहन बोपन्ना, सुमित नागल को टेनिस में मिला ओलंपिक का कोटा

नई दिल्ली। भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और सुमित नागल ने क्रमशः युगल और एकल में अपनी एटीपी रैंकिंग के जरिए पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोटा हासिल कर लिया है।



विश्व के वर्ल्ड नंबर-4 रोहन बोपन्ना ने लंदन 2012 और रियो 2016 ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने पिछले साल नवंबर से युगल रैंकिंग में शीर्ष 10 में अपना स्थान बनाए रखते हुए भारत के लिए कोटा हासिल किया।

ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, पिछले सप्ताह एकल रैंकिंग में 18 स्थान की बढ़त के साथ सुमित नागल ने कट-ऑफ में जगह बनाई, जो विश्व रैंकिंग के माध्यम से कोटा हासिल करने वाले खिलाड़ियों में अंतिम स्थान पर है।

पिछले सप्ताह 95वें स्थान पर रहे सुमित नागल ने रविवार को जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप में एटीपी चैलेंजर खिताब जीतने के बाद अपने करियर की सर्वोच्च 77वीं रैंकिंग हासिल की।

हालांकि, नागल रैंकिंग में 77वें स्थान पर हैं, लेकिन वह विश्व रैंकिंग के जरिए कोटा प्राप्त करने वाले योग्य खिलाड़ियों में अंतिम स्थान पर हैं। पेरिस 2024 में पुरुष और महिला एकल स्पर्धाओं में 64-64 खिलाड़ी भाग लेंगे। 10 जून को जारी एटीपी रैंकिंग के अनुसार, टॉप- 56 पुरुष एकल खिलाड़ियों ने अपने-अपने देशों के लिए कोटा हासिल कर लिया है। हालांकि, प्रत्येक देश अधिकतम चार कोटा हासिल कर सकता है।

पेरिस 2024 में पुरुष और महिला युगल ड्रॉ में 32 टीमें शामिल होंगी, जिसमें एक टीम एक ही देश के एथलीटों की जोड़ी होगी यानी प्रत्येक देश में अधिकतम दो टीमें होंगी।

पेरिस 2024 के लिए टेनिस क्वालिफिकेशन विंडो सोमवार को समाप्त हो गई। राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों के पास अपने कोटा के उपयोग की पुष्टि करने के लिए 19 जून तक का समय है।

44 वर्षीय बोपन्ना ने साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन ग्रैंड स्लैम जीता था और पिछले सप्ताह वह फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे। उन्होंने लंदन 2012 खेलों और रियो 2016 में भारत का प्रतिनिधित्व किया था लेकिन टोक्यो 2020 ओलंपिक में जगह बनाने से चूक गए थे।ह्य

## द. अफ्रीका के खिलाफ बांग्लादेश की हार, अंपायर के फैसले पर उठे सवाल



न्यूयॉर्क। टी20 विश्व कप 2024 में खराब अंपायरिंग को लेकर विवाद बढ़ गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बांग्लादेश की हार के बाद अंपायर के फैसले पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

बांग्लादेश की पारी के 17वें ओवर के दौरान ओटनील बार्टमैन की गेंद महमूदुल्लाह के पैर से लगते हुए चौके के लिए गई। दक्षिण अफ्रीका ने इस पर एलबीडब्ल्यू की अपील की और अंपायर ने आउट करार दिया। बांग्लादेश ने फैसले के खिलाफ डीआरएस का इस्तेमाल किया और तीसरे अंपायर ने महमूदुल्लाह को नॉट आउट करार दिया। चूंकि अंपायर ने आउट दिया था इसलिए इस गेंद को डेड बॉल करार दिया गया जिस कारण बांग्लादेश को वो चार नहीं मिले और अंत में बांग्लादेश की हार का अंतर भी चार रन का ही रहा।

अंपायर के इस फैसले और अपनी हार से नाराज बांग्लादेश के बल्लेबाज तौहीद ह्रदोय ने अंपायर के फैसले की आलोचना की। तौहीद ह्रदय ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो ऐसे रोमांचक मैच में यह हमारे लिए अच्छा फैसला नहीं था। मेरे नजरिये में अंपायर ने महमूदुल्लाह को आउट करार दिया, लेकिन यह हमारे लिए काफी कठिन फैसला रहा।

## बाबर की कप्तानी पर उठे सवाल

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम की हालत विश्व कप में एक बार फिर से खराब होती दिखाई दे रही है। अभी तक टूर्नामेंट में टीम ने दो मैच खेले हैं और दोनों ही मैचों में बाबर की टीम को हार का सामना करना पड़ा है। जिसके बाद अब टीम के कप्तान बाबर आजम पर काफी सवाल उठने लगे हैं। खुद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बाबर आजम को कप्तानी छोड़ने के लिए कह रहे हैं। कुछ पूर्व क्रिकेटर्स का मानना है कि बाबर को अगर अच्छा खेल दिखाना है तो उनको पाकिस्तान टीम की कप्तानी छोड़ देनी चाहिए।



इस विश्व कप अभी तक बाबर आजम अभी बल्लेबाजी में कुछ खास कमाल नहीं कर पाए हैं। उनकी कप्तानी और बैटिंग स्ट्राइक रेट को लेकर भी काफी सवाल उठ रहे हैं। भारत से हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब मलिक ने लाइव चैनल पर कहा कि मैं काफी समय से कह रहा हूं कि बाबर को कप्तानी नहीं करनी चाहिए। आप के अच्छे और क्लास के बल्लेबाज हो और आपकी क्लास तभी बाहर निकलेगी जब आप पर कप्तानी जैसी जिम्मेदारी नहीं होगी। कप्तानी से दूर रहेंगे तो आप अच्छा खेलेंगे।

बाबर आजम को दोबरा से पाकिस्तान क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया गया है। वनडे विश्व कप 2023 में पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था, जिसके बाद बाबर ने टीम की कप्तानी छोड़ दी थी।

## अमेरिका से चीन गए आईओवा कॉलेज के प्रशिक्षकों पर हमला

नई दिल्ली। अमेरिका के आईओवा कॉलेज के प्रशिक्षक चीन में अपने साथी यूनिवर्सिटी की यात्रा पर गए थे, लेकिन एक वहां उनपर चाकू से हमला कर दिया गया। यह घटना एक सार्वजनिक पार्क में घटी, जहां अमेरिकी प्रशिक्षकों पर चाकू से हमला किया गया। इस हमले में प्रशिक्षक घायल हो गए।

इस घटना के बाद स्कूल के अध्यक्ष जोनाथन ब्रांड ने कहा, ÷हम सभी चारों प्रशिक्षकों के संपर्क में हैं और उनकी मदद कर रहे हैं।÷ स्कूल के प्रवक्ता जेन विसर ने कहा, ÷यह घटना जिलिन शहर में घटी और पार्टनर स्कूल बिहुआ यूनिवर्सिटी है।÷ उन्होंने आगे बताया कि अमेरिकी विदेश विभाग इस घटना से अवगत है और लगातार नजर बनाए हुए हैं। आईओवा गवर्नर किम रेनॉल्ड्स ने कहा कि वह आईओवा के संघीय पतिनिधिमंडल के संपर्क में हैं।

## ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय भारत को लौटाएगा हिंदू संत की 500 साल पुरानी प्रतिमा

लंदन। ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने एक संत की 500 साल पुरानी कांस्य प्रतिमा भारत को लौटाने पर सहमति जताई है। प्रतिमा के बारे में माना जाता है कि यह तमिलनाडु के एक मंदिर से चुराई गई थी। विश्वविद्यालय के एश्मोलियन संग्रहालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, च्भारतीय उच्चायोग के दावे के बाद 11 मार्च 2024 को, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की परिषद ने एश्मोलियन संग्रहालय से संत तिरुमंगई अलवर की 16वीं शताब्दी की कांस्य प्रतिमा वापस करने का फैसला किया है।



### 60 सेंटीमीटर ऊंची है प्रतिमा

ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग ने चार साल पहले संत तिरुमंगई की इस प्रतिमा को लेकर दावा किया था कि इसे कथित तौर पर भारत के तमिलनाडु के किसी मंदिर से चुराया गया था। यूनिवर्सिटी के एशमोलियन म्यूजियम ने एक बयान जारी कर कहा कि यूनिवर्सिटी काउंसिल ने प्रतिमा की वापसी का समर्थन किया। म्यूजियम ने कहा कि उसने संत तिरुमंगई की 60 सेंटीमीटर ऊंची प्रतिमा को 1967 में सोथबी में खरीदी थी। एशमोलियन म्यूजियम ने कहा कि फोटो आर्काइव की रिसर्च के बाद इस प्रतिमा के बारे में पता चला। यह प्रतिमा 1957 में तमिलनाडु के एक मंदिर में लगी थी, जो कांस्य की थी।

### ऑक्सफोर्ट यूनिवर्सिटी का फैसला

इससे पहले भी चुराई गई भारतीय कलाकृतियों को ब्रिटेन से भारत वापस लाया जा चुका है।

## प्रथम पेज का शेष

*बलौदाबाजार हिंसा : गृहमंत्री शर्मा ने लिया...*

इसी दौरान असामाजिक तत्वों ने भीड़ में घुसकर घटना को अंजाम दिया है, जिसकी जांच की जा रही है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जैतखाम में तोड़फोड़ के विरोध में सतनामी समाज के लोग कलेक्ट्रेट के पास बवाल मचाया। उपद्रवियों ने तांडव मचाते हुए कलेक्टर और एसपी कार्यालय को आग के हवाले कर दिया। कई वाहनों में आग के हवाले कर दिया। घटना के दौरान 20-30 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। जिनमें से गंभीर रूप से घायल पुलिसकर्मियों को रायपुर रेफर किया गया है। फिलहाल शहर में स्थिति सामान्य है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस दौरान आईजी अमरेश मिश्रा, संजीव शुक्ला, कलेक्टर केएल चौहान, एसपी सदानंद कुमार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

*'एक साल से शांति का इंतजार...*

करके उसे बदमान करने का प्रयास किया गया। समाज को खुद को खड़ा करना होगा- संघ प्रमुख ने कहा कि समाज को भी कदम उठाना होगा। समाज को खुद को खड़ा करना होगा। फ्रांसीसी क्रांति में आक्रोश अपने चरम पर था। यही रूस में भी हुआ। वहां के समाज में यह तय होगा कि इससे बाहर आना है। भीमराव अंबेडकर कहते हैं कि बड़ा परिवर्तन होने से पहले बड़ा आध्यात्मिक जागरण होता है। समाज को बनाने का काम करना है। समाज में संस्कार होने चाहिए। हमारा समाज काफी विविधताओं से भरा हुआ है। भागवत ने कहा कि समाज में एकता कायम रहनी चाहिए।

*मणिपुर को लेकर दिए गए...*

चुनावी बयानबाजी से ऊपर उठकर राष्ट्र के सामने मौजूद समस्याओं पर ध्यान देने की जरूरत है. आरएसएस प्रमुख ने कहा कि अशांति या तो भडकी या भडकाई गई, लेकिन मणिपुर जल रहा है और लोग इसकी तपिश का सामना कर रहे हैं. पिछले साल मई में मणिपुर में मेइती और कुकी समुदायों के बीच हिंसा भडक उठी थी. तब से अब तक करीब 200 लोग मारे जा चुके हैं।

*चंद्रबाबू नायडू सर्वसम्मति से...*

बनाने के लिए आमंत्रित करने की अपील करेंगे। तेदेपा सूत्रों के मुताबिक श्री नायडू कल मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेता उपस्थित रहेंगे।

*सोशल मीडिया से हटा दें ...*

इसका जवाब पीएम मोदी ने तेलंगाना की रैली में दिया था। उन्होंने कहा कि मैं विपक्ष के परिवारवाद पर बोलता हूं। इसका उनके पास कोई जवाब नहीं है, तो उन्होंने अब कहा है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनको बताना चाहता हूं कि मोदी का परिवार है। यह 140 करोड़ लोग मेरा परिवार हैं। मेरा भारत मेरा परिवार है। उसके बाद भाजपा ने मोदी का परिवार नाम से सोशल मीडिया पर अभियान शुरू कर दिया था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह से लेकर सभी मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने इसमें हिस्सा लिया है। सभी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट में नाम के पीछे मोदी का परिवार जोड़ लिया।

## गुलवीर सिंह ने पोर्टलैंड प्रतियोगिता में 5000 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा



पोर्टलैंड। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने यहां 'पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल हाई परफोरमेंस' प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहकर पुरुषों की 5,000 मीटर स्पर्धा का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। 'पॉल बंटा मेमोरियल रेस' में हिस्सा लेते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 वर्षीय एथलीट गुलवीर ने 13.18.92 सेकेंड का समय निकाला जो अविनाश साबले के पिछले साल लास एंजिल्स में बनाये गये 13.19.30 सेकेंड के समय के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर रहा। अब गुलवीर के नाम 10,000 मीटर और 5,000 मीटर दोनों रेस का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। उन्होंने पिछले साल हांग्झोउ एशियाड में 28.17.21 सेकेंड के समय से 10,000 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक जीता था।अमेरिका के डिलन जैकब्स ने 13.18.18 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता। भारत के कार्तिक कुमार (13.41.07) 17वें स्थान पर रहे जबकि साबले (13.20.37) रेस पूरी नहीं कर सके। पुरुषों की 5,000 मीटर हाई परफोरमेंस स्पर्धा में अभिषेक पाल 13¬41.57 सेकेंड के समय से तीसरे स्थान पर रहे। 'पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल' अमेरिका की प्रमुख ट्रैक प्रतियोगिताओं में से एक है जिसमें कई ओलंपिक चैम्पियन, विश्व रिकॉर्डधारी, राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी और ओलंपियन हिस्सा लेते हैं।

## आईओए का बड़ा फैसला, ओलंपिक जाने वाले पहलवानों को देगा सहयोग, विनेश की मांग भी स्वीकारी

नई दिल्ली। ओलंपिक जाने वाले देश के छह पहलवानों को सहायता देने पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बड़ा बयान जारी किया है। बताया जा रहा है कि संघ पहलवानों की मदद करेगा। इसके अलावा राष्ट्रीय ओलंपिक समिति और डब्ल्यूएफआई (भारतीय कुश्ती महासंघ) ने शीर्ष पहलवान विनेश फोगाट की ट्रेनिंग के लिए और अधिक मदद के अनुरोध को भी स्वीकार कर लिया है।



छह भारतीय पहलवानों में महिला वर्ग में विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंतिम पंघाल (53 किग्रा), अंशु मलिक (57 किग्रा), निशा दहिया (68 किग्रा) और रीतिका हुड्डा (76 किग्रा) तथा पुरुष वर्ग में अमन सहरावत (57 किग्रा) ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया है। आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि इस कदम का उद्देश्य पहलवानों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा, ÷हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे पहलवानों को सर्वश्रेष्ठ संसाधन की मदद मिले जिससे वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। यह फैसला हमारी ऐसे माहौल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है जिसमें खिलाड़ी आगे बढ़ सकें।

आईओए और डब्ल्यूएफआई पहलवानों के लिए ओलंपिक तक एक ऐसी सहयोगी टीम बनाने की योजना बना रहे हैं जिसमें कोच, फिजियोथेरेपिस्ट, पोषण विशेषज्ञ, मेंटल कंडिशनिंग कोच और अन्य जरूरी स्टाफ शामिल हों। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश को पेरिस ओलंपिक की ट्रेनिंग के लिए और सहयोगी स्टाफ मुहैया कराया जायेगा। उन्होंने कहा, ÷हम सुनिश्चित करेंगे कि विनेश और हमारे अन्य सभी पहलवानों को अच्छा प्रदर्शन करने और भारत का तिरंगा ऊंचा रखने के लिए जरूरी सहयोगी स्टाफ मिले।

# चटपटा खाने का करता है मन? तो ट्राई करें ये डिश



गर्मी के मौसम में लोग अपने खान-पान में बदलाव कर देते हैं, ऐसे में कभी-कभी उनका मसालेदार भोजन करने का मन करता है. लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं, जो हमेशा कंफ्यूज रहते हैं, कि ऐसा क्या बनाएं जो गर्मियों में स्वादिष्ट लगने के साथ शरीर को नुकसान ना पहुंचाएं.

अगर आप भी इसी बात को लेकर हमेशा परेशान रहते हैं, तो यह खबर आपके लिए है. अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं, क्योंकि आज हम आपको एक ऐसी डिश के बारे में बताएंगे, जिसे तैयार कर आप गर्मी के दिनों में चटपटा खा सकते हैं. आइए जानते हैं उस डिश के बारे में.

घर बनाएं मसालेदार पाव भाजी

गर्मी के दिनों में जब आपका चटपटा खाने का मन करे, तो आप पाव भाजी बना सकते हैं. इसे बनाने का तरीका बहुत आसान होता है और यह कम समय में तैयार हो जाती है. यह खाने में स्वादिष्ट होती है और गर्मी में कभी कभी इसका सेवन करने से शरीर को नुकसान भी नहीं पहुंचता है. आइए जानते हैं पाव भाजी बनाने का तरीका क्या है.

पाव भाजी बनाने के लिए आपको कुछ जरूरी चीजें अपने पास रखनी होंगी.

पाव भाजी बनाने का तरीका

सबसे पहले पाव भाजी को गर्म तवे पर रखकर मक्खन लगाकर सेक लें. उसके बाद एक कढ़ाई में तेल गर्म करें और ऊपर से जीरा डाल दें. जीरा के चटकने के बाद उसमें हींग, अदरक और लहसुन को डालकर भून ले, फिर इसमें प्याज डाल कर हल्का सुनहरा कर लें. प्याज सुनहरे होने के बाद इसमें हरी मिर्च, टमाटर, गाजर, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर और बाकी मसाले डाल दें, उसके बाद उबले हुए आलू को डाल कर इन सब को अच्छी तरह मिला लें.

इसमें थोड़ा सा पानी डाल कर तब तक उबालें, जब तक सब्जियां अच्छी तरह पक ना जाएं. गरम मसाला डालें और अच्छी तरह मिला लें. इस भाजी को एक बर्तन में निकाल कर इसके ऊपर हरे धनिए की पत्तियां और नींबू डालकर आप पाव के साथ खा सकते हैं.

सब्जी का करें इस्तेमाल

इसके अलावा आप अपनी पसंद के अनुसार कोई भी सब्जी का इस्तेमाल कर सकते हैं. अगर आप नॉन वेजिटेरियन हैं, तो पाव भाजी को और स्वादिष्ट बनाने के लिए इसमें उबले हुए अंडे भी डाल सकते हैं. आप पाव भाजी के साथ दही, प्याज और हरी मिर्च की चटनी का इस्तेमाल भी कर सकते हैं. यह एक स्वादिष्ट और आसान पाव भाजी रेसिपी है.

# घर पर बनाएं ठंडी ठंडी, कूल कूल मैंगो कुल्फी

गर्मियों का मौसम आते ही ठंडी-ठंडी चीज़ों का मन करता है. खासकर शाम के वक्त अगर ठंडी-ठंडी आम कुल्फी या आइसक्रीम मिल जाए तो मजा आ जाता है. कुल्फी बच्चे और बड़े सभी पसंद करते हैं. अगर आप भी इस गर्मी में घर पर कुछ खास और स्वादिष्ट बनाना चाहते हैं, तो आज हम आपके लिए लाए हैं मैंगो कुल्फी की बहुत ही आसान रेसिपी. इसे बनाना इतना आसान है कि आप इसे कुछ ही समय में तैयार कर सकते हैं और पूरे परिवार के साथ इसका आनंद ले सकते हैं.

सामग्री :

2 पके हुए आम

1 लीटर दूध

1/2 कप चीनी

1/2 कप कंडेंस्ड मिल्क (मीठा गाढ़ा दूध)

1/4 कप कटे हुए ड्राई फ्रूट्स (बादाम, पिस्ता)

1/2 चम्मच इलायची पाउडर

बनाने की विधि

सबसे पहले दूध को एक भारी तले वाले बर्तन में उबाल लें.जब दूध में उबाल आ जाए तो आंच को धीमा कर दें और इसे गाढ़ा होने तक पकने दें. बीच-बीच में चलाते रहें ताकि दूध बर्तन के तले में ना लगे. जब दूध आधा रह जाए, तो इसमें चीनी डालें और अच्छी तरह से मिलाएं. फिर इसमें कंडेंस्ड मिल्क डालकर अच्छे से मिलाएं. इसे थोड़ी देर और पकने दें, जब तक यह और गाढ़ा ना हो जाए.

अब पके हुए आमों को छीलकर उनके गूदे को मिक्सर में पीस लें. आम के पेस्ट को दूध के मिश्रण में डालें और अच्छी तरह से मिलाएं. इस मिश्रण में इलायची पाउडर और कटे हुए ड्राई फ्रूट्स डालें. फिर से अच्छी तरह से मिलाएं. अब इस मिश्रण को ठंडा होने दें. ठंडा होने के बाद इसे कुल्फी मोल्ड्स या किसी अन्य छोटे बर्तन में डालें और फ्रीजर में 6-8 घंटे के लिए जमने दें.

जब कुल्फी अच्छे से जम जाए, तो इसे मोल्ड से निकालें और कटे हुए ड्राई फ्रूट्स से सजाकर सर्व करें.

# 15 जून में मनाई जाएगी महेश नवमी



महेश नवमी का पावन त्योहार शिव भक्तों के लिए बड़ा महत्व रखता है। साल 2024 में महेश नवमी कब है और इस दिन पूजा का शुभ मुहूर्त कब से कब तक रहेगा, लेख में जानें विस्तार से।

महेश नवमी के दिन भगवान शिव की पूजा करने से जीवन के हर क्षेत्र में आपको सफलता प्राप्त होती है। भगवान शिव के इसी नाम से माहेश्वरी समाज का नाम पड़ा है। माहेश्वरी समाज में महेश नवमी का बड़ा महत्व है। हालांकि भगवान शिव के सभी भक्त इस दिन महादेव को प्रसन्न करने के लिए उनकी आराधना कर सकते हैं। साल 2024 में महेश नवमी का त्योहार कब मनाया जाएगा और इस दिन पूजा का शुभ मुहूर्त कब रहेगा, इसके बारे में आइए विस्तार से जानते हैं।

महेश नवमी 2024 तिथि और पूजा मुहूर्त

महेश नवमी का पावन पर्व हर साल ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। साल 2024 में 15 जून को यह तिथि है। शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि का आरंभ 14 तारीख की रात्रि में 12 बजकर 5 मिनट से हो जाएगा और 15 तारीख की देर रात 2 बजकर 34 मिनट तक यह तिथि व्याप्त रहेगी। उदयातिथि की मान्यता के अनुसार 15 जून को ही महेश नवमी मनाई जाएगी। इस दौरान पूजा के लिए शुभ मुहूर्त 15 जून सबुह 7 बजकर 8 मिनट से 8 बजकर 53 मिनट तक रहेगा। शुभ मुहूर्त में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करना आपके लिए हितकारी साबित होगा।

**पूजा विधि**


महेश नवमी के दिन माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा करने का विधान है। इस दिन सुबह स्नान ध्यान के बाद आपको स्वच्छ वस्त्र धारण करने चाहिए। इसके बाद भगवान शिव को चंदन, पुष्प, गंगाजल इत्यादि अर्पित करने चाहिए और पूजन आरंभ करना चाहिए। पूजने के दौरान शिव चालीसा का पाठ आप कर सकते हैं। इसके साथ ही शिव मंत्रों का जप करने से भी आपको लाभ प्राप्त होता है। पूजा के अंत में भगवान शिव की आरती आपको करनी चाहिए। पूजा समाप्ति के बाद प्रसाद का वितरण करें। इस दिन व्रत रखने वाले लोगों को फलाहार करना चाहिए और गलती से भी दिन के समय नहीं सोना चाहिए। महेश नवमी के दिन दान-पुण्य करना करने से भी शिव कृपा आपको प्राप्त होती है।

**महेश नवमी का महत्व**

मान्यताओं के अनुसार महेश नवमी के दिन भगवान महेश और मां पार्वती ने ऋषियों के श्राप से पत्थर हो चुके 72 क्षत्रियों को शापमुक्त किया था। इसके बाद उन क्षत्रियों को माता पार्वती ने आशीर्वाद दिया था कि तुम्हारे कुल पर हमारी छाप रहेगी और तुम्हारा वंश माहेश्वरी के नाम से जाना जाएगा।

इसलिए माहेश्वरी समाज में महेश नवमी के दिन भगवान शिव की पूजा आराधना का बड़ा महत्व है। माना जाता है कि इस दिन भगवान शिव के महेश रूप की आराधना करने से दुख और विपदाओं से मुक्ति मिल जाती है।

# क्यों मनाई जाती है धूमावती जयंती ?



पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर धूमावती जयंती मनाई जाती है. मां धूमावती 10 महाविद्याओं में से एक हैं. ऋषि दुर्वासा, भृगु, परशुराम की मूल शक्ति धूमावती माता ही हैं.

पापियों के नाश के लिए मां धूमावती अवतरित हुई थीं. शत्रु पर विजय प्राप्ति के लिए मां धूमावती की उपासना की जाती है.

आइए जानें धूमावती जयंती 2024 की डेट, पूजा मुहूर्त और महत्व.

धूमावती जयंती 14 जून 2024 शुक्रवार को है.

देवी पार्वती के इस स्वरूप को लेकर एक मान्यता है कि इस दिन सुहागिन महिलाएं मां धूमावती का पूजन नहीं करती हैं, बस दूर से ही देवी के दर्शन करती हैं.

मां धूमावती का स्वरूप

मां धूमावती पार्वती माता का उग्र स्वरूप माना जाता है. उनका स्वरूप बड़ा मलिन और भयंकर है. वह कौए पर सवार होती हैं. देवी पुराने एवं मलिन वस्त्र धारण करती हैं और उनके केश पूर्णतः अव्यवस्थित रहते हैं. उनकी पूजा विधवा के रूप में की जाती है क्योंकि माता ने भूख से आतुर होकर शिव जी को ही निगल लिया था. इस घटना से क्रोधित होकर भगवान शिव ने देवी का परित्याग कर दिया तथा उन्हें विधवा रूप धारण करने का श्राप दे दिया.

क्यों मनाई जाती है धूमावती जयंती ?

घनघोर दरिद्रता से मुक्ति प्राप्त करने हेतु देवी धूमावती की पूजा की जाती है. समस्त प्रकार के रोगों से मुक्ति हेतु भी देवी की आराधना की जाती है.

धूमावती जयंती के उपाय

जिन व्यक्तियों के जीवन में कर्ज की समस्या है या फिर आर्थिक परेशानियां लगातार बनी हुई हो उन्हें धूमावती जयंती के दिन नीम की पत्तियों और घी के साथ हवन करना चाहिए.

दरिद्रता से मुक्ति पाने के लिए धूमावती जयंती के दिन गुड़ और गन्ने से हवन करने की सलाह दी जाती है.

जीवन में दुख, कष्ट और परेशानियां बहुत बढ़ गई है तो शनिवार के दिन मां धूमावती को काले कपड़े में काले रंग के तिल बांधकर चढ़ाना चाहिए.

# छोटे बच्चों के लिए बनाएं रागी के ये तीन मजेदार और हेल्दी डिश



अगर आप अपने बच्चों को टेस्टी और हेल्दी खाना खिलाना चाहते हैं, तो रागी से बनी ये तीन मजेदार डिश जरूर ट्राई करें. ये डिश इतनी टेस्टी हैं कि आपके बच्चे थाली चाट जाएंगे. रागी एक बहुत ही पौष्टिक अनाज है, जो बच्चों के लिए बहुत फायदेमंद होता है. इसमें आयरन, कैल्शियम और फाइबर भरपूर मात्रा में होते हैं. अगर आप अपने बच्चों को हेल्दी और टेस्टी खाना खिलाना चाहते हैं, तो रागी की ये तीन डिश जरूर ट्राई करें. ये डिश इतनी मजेदार हैं कि आपके बच्चे थाली चाट जाएंगे.

रागी इडली

सामग्री :

1 कप रागी का आटा

1 कप सूजी

1 कप दही

1 छोटा चम्मच नमक

1 छोटा चम्मच बेकिंग सोडा

पानी आवश्यकता अनुसार

जानें बनाने की विधि

एक बाउल में रागी का आटा, सूजी और दही मिलाएं.

थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर घोल तैयार करें.

इसमें नमक और बेकिंग सोडा मिलाएं.

इस घोल को इडली स्टैंड में डालें और 15-20 मिनट के लिए स्टीम करें.

रागी इडली तैयार है. इसे नारियल की चटनी के साथ सर्व करें.

रागी चीला

सामग्री :

1 कप रागी का आटा

1/2 कप प्याज, बारीक कटा हुआ

1/2 कप टमाटर, बारीक कटा हुआ

1/4 कप धनिया पत्ते, बारीक कटे हुए

1 छोटा चम्मच नमक

1/2 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर

पानी आवश्यकता अनुसार

तेल सेकने के लिए

बनाने की विधि

एक बाउल में रागी का आटा, प्याज, टमाटर, धनिया पत्ते, नमक और लाल मिर्च पाउडर मिलाएं.

थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर घोल तैयार करें.

तवा गरम करें और थोड़ा तेल डालें.

इस घोल को तवे पर फैलाएं और दोनों तरफ से सेकें.

रागी चीला तैयार है. इसे टमाटर की चटनी या दही के साथ सर्व करें.

रागी कुकीज

सामग्री :

1 कप रागी का आटा

1/2 कप गेहूं का आटा

1/2 कप गुड़

1/4 कप घी

1/2 छोटा चम्मच बेकिंग पाउडर

1/4 कप दूध

1/4 कप चॉकलेट चिप्स (वैकल्पिक)

बनाने की विधि

एक बाउल में रागी का आटा, गेहूं का आटा और बेकिंग पाउडर मिलाएं.

घी और गुड़ को पिघलाकर इस मिश्रण में डालें.

थोड़ा-थोड़ा दूध डालकर नरम आटा गूंधें।

चॉकलेट चिप्स मिलाएं और छोटी-छोटी गोलियां बनाकर बेकिंग ट्रे पर रखें.

इन्हें 180 डिग्री सेल्सियस पर 15-20 मिनट के लिए बेक करें.

रागी कुकीज तैयार हैं।.इन्हें बच्चों को स्नैक के रूप में दें.

राागी की ये तीन डिश बच्चों के लिए बहुत ही पौष्टिक और टेस्टी हैं. इन्हें बनाने में भी ज्यादा समय नहीं लगता और बच्चे इन्हें बहुत पसंद करेंगे. तो आज ही इन रेसिपीज को ट्राई करें और अपने बच्चों को खुश करें.

# घर पर सत्तू से बनाएं व्यंजन, स्वाद के साथ सेहत के लिए भी है खास

गर्मी के दिनों में सत्तू खाना सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना गया है. आप सत्तू की मदद से कई प्रकार के व्यंजन बना सकते हैं. यह खाने में बेहद स्वादिष्ट होते है गर्मी की छुट्टियों में अक्सर लोग घर पर बैठे-बैठे बोर हो जाते हैं. ऐसे में उन्हें कुछ स्वादिष्ट और चटपटा बनाकर खाने का मन करता है. लेकिन अधिकतर लोग कंफ्यूज रहते हैं कि आखिर वह बनाएं क्या ? अगर आप भी कुछ ऐसा खाने का बनाना चाहते हैं, जिससे आपका शरीर भी स्वस्थ रहे, तो ये खबर आपके लिए है, आज हम आपको ऐसी चीज के बारे में बताएंगे, जिसका इस्तेमाल कर आप पांच व्यंजन बना सकते हैं. सत्तू का सेवन हम बात कर रहे हैं सत्तू की. गर्मी का मौसम शुरू होते ही लोग सत्तू का सेवन करना शुरू कर देते हैं. यह एक पौष्टिक भोजन होता है, जो शरीर के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जाता है. सत्तू भुने हुए चने से बना एक पाउडर है, जो गर्मी के दिनों में सेहत को बेहतर बनाता है. आप सत्तू की मदद से शरबत बना सकते हैं, इसके लिए आपको दो बड़े चम्मच सत्तू को एक गिलास ठंडा पानी में मिलाना होगा. इसके अंदर नींबू का रस, नमक और काली मिर्च स्वादानुसार मिल सकते हैं. इसके अलावा आप चाहे तो जीरा पाउडर या पुदीने की पत्तियां भी इसमें मिला सकते हैं. अगर आप इस शरबत को और ठंडा करना चाहते हैं, तो ग्लास को थोड़ी देर के लिए फ्रिज में रख सकते हैं. सत्तू के पराठे आप सत्तू की मदद से इसके पराठे बना सकते हैं. पराठे बनाने के लिए आपको सबसे पहले गेहूं का आटा गूंथना होगा, आटे को थोड़ी देर के लिए रख दें, ताकि वह सॉफ्ट हो जाए. अब आप सत्तू की स्टफिंग तैयार कर सकते हैं, इसके लिए आपको एक बाउल में सत्तू निकलना होगा. इसमें प्याज, हरी मिर्च, लहसुन, अचार का मसाला, नमक, कलौंजी और अजवाइन डालकर अच्छी तरह मिक्स कर ले. अब आप आटे की लोई बनाकर उसमें सत्तू की स्टफिंग भरें और पराठे की तरह बेल कर तवे पर सेक लें. जब पराठा तैयार हो जाए, तो आप इसे धनिए की चटनी या टोमेटो सॉस के साथ गरमा गरम सर्व कर सकते हैं. सत्तू की लिट्टी आप सत्तू की लिट्टी बना सकते हैं. इसे बनाने के लिए आपको एक बाउल में गेहूं का आटा गूंथना होगा. आटा थोड़ी देर के लिए रख दें. तब तक आप स्टफिंग बनाने के लिए सत्तू में अजवाइन, अचार का तेल, हरी मिर्च, लहसुन की कलियां, प्याज और नमक डालकर अच्छी तरह मिक्स कर ले. अब गूंथे हुए आटे की लोई बनाकर उसमें सत्तू की स्टफिंग करें,



फिर इसे गोल-गोल आकार में बना ले.

लिट्टी तैयार होने के बाद आप इसे गोबर के उपले या कोयले पर सेक सकते हैं या तेल में छान कर भी बना सकते हैं. आग पर पकाने का ऑप्शन सबसे अच्छा होता है. अगर आप आग पर लिट्टी को पकाते हैं, तो यह सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है. जब यह अच्छी तरह सीक जाए, तो इसमें आप घी मिला सकते हैं. इसके अलावा आप आलू, बैंगन और टमाटर की मदद से चोखा बना सकते हैं.

# डॉ. रमन ने स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और प्रोफेसरों की भर्ती समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर की विस्तृत चर्चा

## मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन उपलब्ध करवाने के लिए सीजीएमएससी को दिए गए निर्देश

रायपुर (दावा)। आज छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, राजनांदगांव की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में संविदा पद पर नियुक्त एसोसिएट प्रोफेसर, प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर की वेतन विसंगति के विषय पर लंबी चर्चा हुई, जिसके विभागीय अधिकारियों आश्वासन दिया गया है कि अगले 1 महीने में राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज की इस समस्या का समाधान कर लिया जायेगा। इसके साथ ही प्रदेश में डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उदेश्य से विशेष सचिव, स्वास्थ्य विभाग की अध्यक्षता में एक समिति बनाने का निर्णय किया गया है। इस समिति द्वारा उडीसा, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की नीतियों का अध्ययन किया जायेगा और छत्तीसगढ़ के अन्य मेडिकल कॉलेज में भी बेहतर नीति लागू कर डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियमित भर्ती के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है।



इस बैठक में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर द्वारा पीजी हेतु जाने पर लंबे समय तक पत्र रिक्तता की स्थिति उत्पन्न होने पर संविदा में भर्ती, नर्सिंग कॉलेज से पास आउट छात्रों का बांड 6 माह या 1 वर्ष के लिए मेडिकल कॉलेज में सेवा के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। इस समीक्षा बैठक में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में एमआरआई मशीन की खरीदी और सीटी स्कैन मशीन के संबंध में सीजीएमएससी को निर्देशित किया गया। जिस पर सीजीएमएससी द्वारा ही आश्वासन दिया गया है कि 45 दिनों के अंदर राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन मशीन इंस्टॉल करवा दी जाएगी और साथ ही 5 महीनों में एमआरआई मशीन की खरीदी की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

इसके साथ ही जिला अस्पताल राजनांदगांव के प्रबंधन और अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने जिलाधिकारी को अस्पताल में सुविधाओं और बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। इसके साथ ही कवर्धा में 172 बेड के नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए यह बताया गया कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए अगले एक महीने में निविदा जारी कर दी जाएगी। साथ ही मेडिकल कॉलेज को 172 बेड से बढ़ाकर 220 बेड करने की प्रक्रिया चल रही है और सेटअप स्वीकृति भी प्रक्रियाधीन है।

अंत में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने विधायकों के मेडिकल बिल के भुगतान के संबंध में चर्चा की, जिसमें विधायकों के मेडिकल बिल के तुरंत भुगतान के लिए विभाग को निर्देशित किया गया है। इस बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजनांदगांव के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, एसीएस स्वास्थ्य विभाग मनोज पिंगुआ, सेक्रेटरी वित्त विभाग मुकेश बंसल समेत विभागीय अधिकारी और विधानसभा के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गोवा में मिस इंडिया सुपर मॉडल शो का हुआ शानदार आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। गत दिवस जे के फाउंडेशन के तत्वावधान में सुपर मॉडल सीजन 3 मिस, मिसेज, मिस्टर और किड्स का आयोजन नॉर्थ गोवा के होटल नीलम द ग्रैंड में जे के फाउंडेशन की ऑनर टी जया रेड्डी द्वारा शानदार आयोजन के साथ किया गया। जिसमें बालीवुड अभिनेत्री रितु शिवपुरी मुख्य अतिथि थी। कार्यक्रम की सह प्रायोजक वेदिका टेल्स के मालिक सतीश अग्रवाल, इसके अलावा जूरी में सोनम श्रीवास्तव, ममता प्रसाद, वीवी गांधीवी, सेलिब्रिटी मेज़बान (एंकर) गायक लकी तरार, वीआईपी अतिथि प्रीती त्रिपाठी, वीआईपी अतिथि नेहा पटेल, सविता सिंह, सौरभ पांडे, इवेंट समन्वयक मनोहर कृष्णानी, गेस्ट ऑफ ऑनर कांति मौर्य, मीनू बिस्ट, कोमल सावलानी थी। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

जेके सुपरमॉडल सीजन 3 मिस इंडिया कार्यक्रम के पूर्व सभी प्रतिभागियों को गोवा में सिटी का भ्रमण कराया गया।




राजनांदगांव की बिटिया वर्षा मौर्य बनी मुख्य विनर

इसके बाद आयोजित विभिन्न राउड में सभी प्रतिभागियों ने भाग लिया। उसके बाद स्विमिंग राउंड व फाइनल राउंड के अलावा ट्रेडिशनल राउंड किया गया। ट्रेडिशनल राउंड इवेंट का तीसरा फाइनल राउंड था। उसके बाद बाकी के बचे 2 राउंड टैलेंट और गाउन राउंड संम्पन्न किया गया।

विनर्स में सबसे टॉप पर राजनांदगांव की बिटिया मिस वर्षा मौर्य ने सभी राउड में सबसे बेहतर प्रदर्शन कर मुख्य विनर बनी। उसके बाद मिसेज प्लस छामा बंजारे, मिसेज गोल्ड सुजैन खान, मिस्टर में सामर्थ शर्मा, किड्स में कविया जैन ये पांचों विनर रहे। फर्स्ट रनर अप मिस बी जे सविता, मिसेज गोल्ड उमा कुशवाहा और मिसेज क्लासिक भावना नथवानी और मिस्टर में कुलदीप रहे। सेकंड रनर अप मिस सरिता कुशवाहा, मिसेज गोल्ड रूचि जैन मिसेज क्लासिक पूजा महेश और मिस्टर में हर्ष सिंह राजपूत रहे। थर्ड रनर अप मिस श्वेता सिंह और सुमन बारा रही। मिसेज क्लासिक कैटेगरी में किरण रात्रे और मिस्टर में अतुल रहे। इवेंट को सफ ल बनाने में जे के फाऊंडेशन के पॉवर बाय सतीश अग्रवाल, ज्यूरी सदस्य क्रमशः सोनम, वी वी ममता, होस्ट लक्की तरार (एंकर) इवेंट के काउडिनेटर मनोहर कृष्णानी, ग्रुमर्स राहुल हर्सिका और ऋषि आदि का योगदान रहा।

# रमेश पटेल केंद्रीय मंत्रियों व राष्ट्रीय नेताओं से मिले



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल इन दिनों एक प्रतिनिधि मंडल के साथ देश की राजधानी नई दिल्ली के प्रवास है, इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिये आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया व अनेक केन्द्रीय मंत्रियों व राष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक-राजनीतिक चर्चा की।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार केन्द्रीय नेताओं से मिलने के क्रम में कल रात उन्होंने केन्द्रीय श्रम, खेल व युवा कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी, इसी क्रम में वे छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित सांसद व केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू से सौजन्य भेंट की और छत्तीसगढ़ से उन्हें मंत्रीपरिषद् में शामिल किये जाने व अहम विभाग की जिम्मेदारी दिये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये उन्हें बधाईयॉ दी। इस दौरान श्री पटेल के साथ जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश गॉधी, खैरागढ़ जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# लघु उद्योग एवं व्यापारियों का पुनः स्वर्ण युग होगा-रूपचंद भीमनानी

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं लघु उद्योग भारती के संयोजक रूपचंद भीमनानी ने डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में 15 वर्षो तक छत्तीसगढ़ की विकास गाथा का स्मरण करते हुए कहा कि 5 वर्षो तक राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने से मोदी सरकार की लघु उद्योगों के संबंध सभी योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर नहीं हो पाया जिसके कारण लघु उद्योगों को सरकार की योजनाओं का सही लाभ धरातल पर नहीं मिल सका इसलिए अब डबल इंजन की सरकार में देश की अर्थव्यवस्था में स्वालंबन की दिशा में मोदी सरकार के बढ़ाए गए कदमों का लाभ यहां के लघु उद्योगों को भी होगा श्री भीमनानी ने कहा कि डॉ रमन सिंह ने राजनांदगांव एवं छत्तीसगढ़ को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और सुखद पहलू यह है कि राजनांदगांव विधायक के रूप में उन्होंने इस क्षेत्र को चमन बना दिया तथा यहां सभी



प्रकार की सुविधा डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में नागरिकों को उपलब्ध हो गई।

किन्तु विगत 5 वर्षो में भूपेश बघेल की सरकार ने राजनांदगांव की अपेक्षा की जिसके कारण इस लोकसभा में राजनांदगांव की जनता ने भूपेश बघेल को करारा जवाब दिया है। आज डॉ. रमन सिंह फिर से राजनांदगांव में स्थापित मेडिकल कॉलेज में 5 वर्षो में जो अराजकता फैल गई थी उसे दुरुस्त करने के लिए अपने प्रयास प्रारम्भ कर दिए हैं तो निःसंदेह राजनांदगांव में पुनः सभी दिशाओं में डॉ.रमन सिंह के प्रयासों से आने वाले समय में सभी कार्य होंगे तथा मुलभुत सुविधाओं व अधो संरचना के विकास से पुनः उद्योग व व्यापार के लिए बेहतर परिस्थिति बनेगी लघु उद्योग भारती की ओर से वे आश्वस्त है कि उद्योगों में आने वाली समस्याओं एवं सरकारी सुविधाओं का विस्तार लघु उद्योगों को प्राप्त होगा इससे भारत वर्ष भी स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भरता की और आगे बढ़ेगा।

# संजीवनी हॉस्पिटल के प्रबंधक की लापरवाही के चलते महिला की हालत बिगड़ी, परिजनों ने लगाया आरोप




**आज कलेक्टर परिसर के सामने परिजनों के साथ बसपा करेगी उग्र प्रदर्शन**

डोंगरगढ़ (दावा)। संजीवनी हॉस्पिटल चिखली राजनांदगांव के प्रबंधक राघव वर्मा पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में इलाज कराने वाली मरीज श्रीमती सांगोडे के परिजनों ने प्रबंधक की शिकायत आला अधिकारियों से की थी। किंतु कोई कार्रवाई न होता देख पीड़िता के परिजनों ने आमजनों से गुहार लगाई है कि वह शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करने का प्रयास करें ताकि उन्हें न्याय मिल सकें। जिसे संज्ञान में लेकर बसपा संगठन ने राजनांदगांव कलेक्टर परिसर के सामने प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बसपा की ओर से कहा गया है कि, विकासखंड के ग्राम अछोली निवासी पीड़िता विद्या सांगोड़े एवं उनके परिवार द्वारा समाज के बुद्धिजीवी एवं मानवतावादी लोगों से एवं सामाजिक व राजनीतिक संगठनों से न्याय की गुहार लगाई गई थी। जिसकी जानकारी होते ही बहुजन समाज पार्टी जिला अध्यक्ष शिव शंकर सिंह ने पूरी बसपा टीम को अवगत कराया तो पूरी टीम एक स्वर में पीड़िता के परिवार से बात कर उसके परिवारजनों से मिलने का निर्णय लिया और उनसे बात कर उनके निवास अछोली डोंगरगढ़ में उनका हाल-चाल जाना और पूरे मामले को समझा जिसमें पाया गया कि अस्पताल प्रबंधक संजीवनी हॉस्पिटल राजनांदगांव के डॉक्टर राधव वर्मा की लापरवाही के कारण पीड़िता जिंदगी और मौत के बीच लड़ रही है।

### ईलाज में 22 लाख खर्च कर चुका है परिवार

बताया गया है कि, पीड़िता के परिवार ने जैसे तैसे घर एवं जमीन को बेचकर 22 लाख रुपए का इलाज कराया है। लेकिन पीड़िता की हालत दिन ब दिन निरंतर बिगड़ती जा रही है और परिवार दयनीय आर्थिक स्थिति से गुजर रहा है। जिसमें पीड़िता का पति उसकी सांस एवं दो बच्चे जिनकी उम्र 6 माह एवं दूसरे की 7 वर्ष है। उनके पति और परिवारजनों ने इसकी जानकारी थाना चिखली एवं एसपी, कलेक्टर वर्तमान एवं भूतपूर्व सांसद, भूतपूर्व एवं वर्तमान मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, विधायक डोंगरगढ़, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव, राज्यपाल छत्तीसगढ़ को अवगत कराया गया है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। तब जाकर समाज से गुहार लगाई है परिवार जनों के साथ मिलकर यह निर्णय लिया गया है कि आज 12 जून दिन बुधवार समय 10 बजे, स्थान कलेक्टर परिसर के सामने ओवरब्रिज के नीचे राजनांदगांव में प्रदर्शन रखा गया है।

### सभी वर्गो से की गई अपील

पीड़ित परिवार एवं बसपा की तरफ से समस्त बुद्धिजीवी वर्ग एवं मानवतावादी लोगों से अपील की गई है कि धरना स्थल पर पहुंच कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने में सहयोग प्रदान करें। आप चाहे किसी भी राजनीतिक पार्टी से संबंध रखते हो किसी भी धर्म जाति संगठन से संबंध रखते हो लेकिन मानवता के लिए एक बार पीड़ित परिवार का सहयोग प्रदान करें। बैठक के बाद एसपी ऑफिस में एफआईआर दर्ज कराया जाएगा। जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आगे की रणनीति से अवगत कराया जाएगा ताकि किसी अन्य परिवार के साथ इस तरह का कृत्य ना हो और पीड़ित परिवार को उचित न्याय मिल सकें।

### विभिन्न सामाजिक संगठन ने किया समर्थन

जिले के अनेक सामाजिक संगठनों ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने अपना समर्थन दिया है। सभी सामाजिक बन्धुओं से निवेदन किया गया है कि श्रीमती विद्या सांगोड़े निवासी अछोली डोंगरगढ़ का उपचार डिलिवरी 4 माह पूर्व संजीवनी हास्पिटल राजनांदगांव में हुआ था। जिसमें घोर लापरवाही के कारण आज वह जीवन-मृत्यु से संघर्ष कर रही है। यह परिस्थिति डिलीवरी में घोर लापरवाही के कारण हुई है। आज 12 जून को समय 11 बजे कलेक्टर परिसर के सामने फ्लाई ओवर के सभी से उपस्थित होने का आह्वान किया गया है। समर्थन करने वालों में बौद्ध कल्याण समिति राज., समता सुरक्षा सेना दुर्ग, पार्षद गण डोंगरगढ़, जिला अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ भाजपा राजनांदगांव, दी बुद्धिस्ट प्रचारक विंग दुर्ग, बहुजन समाज पार्टी राजनांदगांव, समता सैनिक दल, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा राजनादगांव, बौद्ध सेवा समिति शांतिनगर राजनांदगांव, युवा विंग बौद्ध कल्याण समिति शाखा तुलसीपुर, जिला युवा प्रकोष्ठ कांग्रेस, बुद्धिस्ट पेंशनर संगठन राजनांदगांव शामिल है।

# अंतर्राष्ट्रीय नृत्य रत्न सम्मान सम्मानित हुए डोंगरगांव के रुपेश

डोंगरगांव (दावा)। नेपाल के काठमांडू में आयोजित लगिंग रियमन इंटरनेशनल फॉउंडेशन एजूकेशन ट्रस्ट व क्लासिक कल्चर सेंटल के संयुक्त तत्वावधान में क्लासिक इन्टरनेशनल क्लासिकल डांस फेस्टिवल एंड अवार्ड सेरेमनी आयोजित किया गया, जिसमें वार्ड क्रमांक 1 किलापारा डोंगरगांव निवासी युवा नर्तक रुपेश कुमार पिता हरिश्चंद्र ठाकुर को कथक नृत्य में उनके मनमोहक शानदार प्रदर्शन के क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय नृत्य रत्न सम्मान में नारायण काजी श्रेष्ठ उपप्रधानमंत्री व विदेश मंत्री ने नेपाल सरकार महान श्यालपा रिनपोचे धर्म गुरु(तिब्बतन लामा), डॉ.प्रो.नीता गहरवाल कुलसचिव इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़(छ.ग.) भारत के द्वारा सम्मानित किया गया। नेपाल की धरती पर इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन में विशेष रूप से शिवराज पंत फाउंडर एंड चेयरमैन एलआरआई एजुकेशन ट्रस्ट काठमांडू नेपाल स्वजन रघुवंशी फाउंडर क्लासिक कल्चर सेंटर काठमांडू नेपाल असिस्टेंट प्रो.डॉ. शिवाली सिंह बैस, असिस्टेंट प्रो.डॉ.शेख मोदिनी होम्बल संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शहर के रूपेश कुमार की इस उपलब्धि पर नगर के गणमान्य नागरिक, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद व उनके परिवार के परिजनों ने उन्हें बधाई दी तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।




# अवैध फैक्ट्री के नवनिर्माण पर रोक लगाने जिला प्रशासन से हुई शिकायत, अब तक कार्यवाही नहीं

## ग्रामीणों ने चक्काजााम करने की चेतावनी दी

राजनांदगांव (दावा)। अवैध फेक्ट्री के नवनिर्माण को रोक लगाकर दण्डात्मक कड़ी कार्यवाही के लिए ग्राम पंचायत सोमनी एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा लिखित शिकायत पर आज तक जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही।

ग्रमीणों की शिकायत है अमर सिंह नामक गांव के ही व्यक्ति द्वारा बीच बस्ती में गांव के कृषि भूमि में बिना किसी प्रकार के शासकीय नियमों का पालन किये, कमर्शियल, इंडस्ट्रियल डायवर्सन किये, बिना पंचायत से एन.ओ.सी. लिए, अवैध फेक्ट्री का निर्माण जारी है, जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गई है, ग्रामीणों का कहना है बीच बस्ती में रहवासी क्षेत्र में ट्रक, जेसीबी, हाइवा रिपेयरिंग की लेथ फेक्ट्री का निर्माण जारी है, जिसमें घरेलू कमर्शियल, कटर गैस ज्वलंत शील पदार्थ का भण्डारण फैक्ट्री में रखा गया है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना की संभावना बनी हुई है, जिसे लेकर ग्रामीणों में जनाक्रोश है, ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार जल्द से जल्द अवैध फैक्ट्री का निर्माण कार्य नही रोका गया तो ग्रामीणों द्वारा तीव्र आंदोलन और फेक्ट्री के आगे फरहद रोड पर सोमनी बोगदा चौक में चक्काजाम किया जाएगा।






# पुलिस के हत्थे चढ़ा वसूली बाज फर्जी सब-इंस्पेक्टर

## ढाबा और आबकारी नाका से महिना वसूली की थी तैयारी

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस की वर्दी पहनकर अवैध वसूली व आसपास के लोगों को डराने-धमकाने का काम करने वाला फर्जी-सब इंस्पेक्टर को पुलिस ने धरदबोचा है। बताया जाता है कि उक्त कथित सब इंस्पेक्टर पुलिस की वर्दी पहनकर ढाबे और आबकारी नाके से महिना वसूली की तैयारी में था। पुलिस को सूचना मिलने पर उसे धरदबोच लिया गया।

बताया जाता है कि खैरागढ़ जिले के चगुर्दा थाना गातापार निवासी 26 वर्षीय गुप्तेश्वर उर्फ टिल्लू तिवारी पिता स्व. प्रकाश तिवारी द्वारा पुलिस की चितकबरे ड्रेस में दो स्टार लगाकर ग्राम बोरतलाब आबकारी नाका के पास धूम रहा था और लोगों को डरा-धमका रहा था कि मैं नया थानेदार आया हूं। पुलिस को तत्संबंधित सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर देखा तो वहां काफी लोग खड़े हुए है तथा एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी पहले तथा कांधे पर दो स्टार लगाए हुए है। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। मौके पर पुलिस के साथ गए गवाह तामेश्वर वर्मा पिता मांगीलाल (21 वर्ष) निवासी पीटेपानी तथा दुर्गेश बडोले पिता श्रीराम बडोले (33 साल) निवासी बोरतलाव एवं स्टाफगणों की उपस्थिति में फर्जी पुलिस से पुछताछ किए जाने पर उन्होंने पुलिस की वर्दी पहन कर लोगों को डराना, धमकाना बताया। जिस पर धारा 91 जा. फौ-का नोटिस देकर पुलिस ड्रेस पहनने और वैध कागजात की मांग करने पर उसने लिखित में नहीं होना बताया। बताया जाता है कि उक्त युवक टिल्लू तिवारी के सीजी के चगुर्दा निवासी थाना गातापार में पहले अलग-अलग थाना अंतर्गत पुलिस पेट्रोलिंग में कार्यरत था। इसके खिलाफ पहले भी मामला दर्ज किया जा चुका है। उक्त युवक के हाव-भाव, चाल-चलन व बातचीत से कोई भी सामान्य व्यक्ति उसे पुलिस वाला समझ लेता है जिसका फायदा उठाकर वह अवैध वसूली का काम आसानी से कर लेता था।



बताया जाता है कि गुप्तेश्वर तिवारी उर्फ टिल्लू जिस जगह-जाता था वहां के थाना और चौकी प्रभारियों को अपनी पहचान के रूप में फोन पर कभी सीआईडी से हूं तो कभी स्पेशल टीम से आया हूं बताता था और कहता था कि मुझे जरूरत पड़ी तो मदद करना। फिलहाल उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर धारा 170, 172, 384, 419 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई में ले लिया है।

उक्त फर्जी पुलिस सब-इस्पेक्टर को पकड़ने में बोरतलाब थाना प्रभारी मिलन सिंह, सहा. उप निरीक्षक अनिल गहने, प्रधान आरक्षक रोहित पड़ोती, आरक्षक नितिन यादव, मुकेश कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com